दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-02 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 05 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



## दीप दान से अलोकित हुआ नर्मदा तट का पावन सेठानी घाट

# आने वाले समय में नर्मदापुरम को भोपाल एवं इंदौर की टक्कर का शहर बनाया जाएगा : सीएम डॉ मोहन यादव





नर्मदापुरम जिले में आयोजित नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम नर्मदा गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव

नर्मदापुरम (निप्र)। माँ नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम जिले के गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा की कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले में इंजीनियरिंग कालेज खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव माँ नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सेठानी घाट में बनाए जल मंच से मां नर्मदा की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 104.72 करोड़ के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। जिसमें 29.96 करोड़ के 24 कार्यों का भूमि पूजन किया एवं 74.76 करोड के 06 कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक का दीप दान किया गया। समूचा नर्मदांचल माँ नर्मदा की आस्था और श्रद्धा में डूबा रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उक्त दृश्य को देखकर कहा कि माँ नर्मदा की पावन पुनीत भूमि पर आने के लिए देवता भी तरसते है। समूचा अंचल इंद्र की सभा की तरह लग रहा है। ऐसा आनंद देव लोक में ही संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा की आशीर्वाद प्रदेश के साथ है। म.प्र. नदियों का मायका है। यहां से मां नर्मदा एवं अन्य नदियां निकलती है। मनुष्य एवं देवता भी यहां अपना क्षण बिताने को अपना सौभाग्य मानते हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले का व्यापक रूप से विकास किया जाएगा। नर्मदापुरम को भोपाल एवं इंदौर की टक्कर का शहर बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मां नर्मदा का बखान करते हुए कहा कि मां नर्मदा नदी ही एक ऐसी नदी है जिनकी परिक्रमा कर के लोग धन्य होते है। नर्मदा के जल से मालवा निर्माण एवं समूचा नर्मदांचल क्षेत्र के 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। हम सब सौभागयशाली है कि हमे कदम कदम पर सुख और समृद्धि की प्राप्ती हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सभी नदियों को जोड़ने का सपना देखा था। 20 साल बाद उस सपने को साकार किया जा रहा है। केन बेतवा नदी को जोडने से बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने वाली है। इस प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 01 लाख करोड़ की राशि स्वीकृत की है। डॉ यादव ने नर्मदापुरम जिले में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए बताया कि इस कॉन्क्लेव से नर्मदापुरम संभाग में 31 हजार करोड़ का निवेश आएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम के लोग पलायन न करें अपनी खेती को बचा कर रखें मुख्यमंत्री ने कहा कि यह औद्योगीकरण आने वाली पीढी के लिए है। हमने सभी संभाग में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि लाडली बहना योजना से बहनों के जीवन में बदलाव आया है। डॉ यादव ने बताया कि कल वे स्वयं मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कर रहे हैं तथा आने वाले समय में विद्यार्थियों को लैपटॉप भी दिये जाऐंगे। सनातन संस्कृति की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत की संस्कृति धर्म से जुड़ी हुई है। मध्यप्रदेश सरकार भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण की स्थली को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेगी। नरसिंहपुर होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि हम मां नर्मदा की सेवा करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही हमें नर्मदा लोक की सौगात दी है। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्यप्रदेश को अनेक सौगातें दी है। 17 जिलों में शराबबंदी की है। उन्होनें कहा कि नर्मदापुरम जिले में भी शराब बंदी की जाए। नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि नर्मदा लोक के प्रथम चरण के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने दूसरे चरण के लिए 30 करोड की राशि देने एवं इंजिनियरिंग कॉलेज की सौगात देने की मांग की तथा कहा कि नर्मदापुरम को धार्मिक एवं पवित्र नगरी की श्रेणी में लाया जाए तथा जिले को विशेष पर्यटन जिले का दर्जा दिया जाए। इसके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने कहा कि नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम समूचे विश्व में मनाये जाने वाला कार्यक्रम है। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बिना मांगे ही जिले को सब कुछ दिया है। उन्होनें मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि नगर पालिका नर्मदापुरम को प्रदेश की नं 01 नगरपालिका बनाकर दिखाया जाएगा।

### म.प्र. में दुग्ध की दुकाने खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की घोषणा की

इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कन्या पूजन कर नर्मदा प्रकटोत्सव का शुभारंभ किया। आचार्य सोमेश परसाई, गोपाल प्रसाद खडडर एवं पं विनोद दुबे नें विधि विधान से पूजा संपन्न कराई।

इस अवसर पर नरसिंहपुर होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनीमालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव, श्रीमती प्रीती पवन शुक्ला, महेंद्र यादव नपा के पार्षदगण, कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, व अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## अवैध बांग्लादेशियों को वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा, कब तक जेल में रखोगे; सुप्रीमकोर्ट ने केंद्र से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर सवाल उठाया है। अदालत ने इन्हें उनके देश भेजने के बजाय पूरे भारत के सुधार गृहों में लंबे समय तक हिरासत में रखने के संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर बल दिया कि जब किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को पकड़ा जाता है और विदेशी अधिनियम 1946 के अंतर्गत उसे दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद उसे निर्वासित किया जाना चाहिए।पीठ ने पूछा कि विदेशी अधिनियम के अंतर्गत अपनी सजा पूरी करने के बाद फिलहाल कितने अवैध आप्रवासियों को विभिन्न सुधार गृहों में हिरासत में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की। एससी ने 2009 के परिपत्र के खंड 2 (1) का पालन करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया, जो निर्वासन प्रक्रिया को 30 दिनों में पूरा करने का आदेश देता है। न्यायालय ने इस बात पर भी केंद्र से ठोस स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से क्या कदम अपेक्षित हैं।



## मोक्ष की तलाशः पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां लाई गई भारत, गंगा विसर्जन की आस

नई दिल्ली (आरएनएस)। पड़ोसी देश पाकिस्तान से करीब 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। जो लोग इन अस्थियों को भारत लाए हैं वे चाहते हैं कि इन अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में गंगा नदी में किया जाए। यह तीसरी बार है जब विभाजन के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। पहले 2011 और 2016 में भी अस्थियां लाई जा चुकी हैं।महाकुंभ योग के दौरान भारत सरकार ने इन अस्थियों को भारत लाने के लिए वीजा जारी किया। रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जहां मृतकों के परिजनों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधिपूर्वक अंतिम विदाई दी।

## युवा वर्ग अपने सपनों को साकार करें : राज्य सरकार हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 7 हजार 900 विद्यार्थियों को प्रदान करेंगे निःशुल्क स्कूटी



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा वर्ग अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़े। राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर है। इस क्रम में कल 5 फरवरी को सभी पात्र निर्धारित विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान की जाएगी। युवा वर्ग अपनी प्रावीण्यता का लाभ ले और अपने साथियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनें, इस उद्देश्य से यह उपक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा न केवल उद्यमी बनें अपितु सब प्रकार से सक्षम भी बनें और अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफल हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 फरवरी बुधवार को प्रातः 11 बजे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7,900 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई-स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।

योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में शासकीय विद्यालय के किसी भी संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले करीब 7 हजार 900 विद्यार्थियों को निःशुल्क ई-स्कूटी वितरित की जायेगी।

## तीसरी आंख




## भोपाल में भिक्षावृत्ति पर रोक, थाने में दर्ज होगी प्राथमिकी

भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भिक्षावृत्ति को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। जो भीख मांगेगा और जो भीख देगा, दोनों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

भोपाल के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि राजधानी में कोई भी भीख देगा या भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित करेगा। दोनों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही कोलार में नगर निगम के आश्रय गृह को भिक्षुगृह बनाया गया है। सर्वे कराया जा रहा है और भिक्षुओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई भी अपने बच्चों के जरिए गुब्बारे आदि का विक्रय नहीं करा सकता, ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। राजधानी के दो-तीन ऐसे स्थान चिन्हित भी किए गए हैं, जहां भीख मांगने वाले सक्रिय रहते हैं।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 3 फरवरी को एक आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए भोपाल जिले के समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है।

भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना प्रतिबंधित किया गया है, जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी।कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि भिक्षावृत्ति में संलग्न अधिकांश लोग नशे और अन्य गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं, जहां प्रमुख सड़क आदि पर सिग्नल होता है, वहां इन भीख मांगने वालों की वजह से दुर्घटना आदि की आशंका बनी रहती है।

## भारत में आसमान में उड़ेंगी बसें, टोल पर जल्द ला रहे नई स्कीम, गड़करी की दमदार फ्यूचर प्लानिंग



नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने टैक्स के बाद अब टोल भी लोगों को बड़ी राहत देने की तरफ इशारा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में हम स्काई में चलने वाली बस पर भी काम कर रहे हैं।एक निजी समाचार पोर्टल के साथ बातचीत करते हुए नितिन गड़करी ने कहा कि लोगों को राहत देने के लिए सरकार जल्द एक नई स्कीम लाने जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके मंत्रालय की स्टडी पूरी हो चुकी है। टोल खत्म करने व कम करने को लेकर गडकरी ने सस्पेंस बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि इस स्कीम की घोषणा जल्द हो जाएगी। सरकार सैटलाइट बेस्ड टोल सिस्टम पर काम कर रही है। इस पर भी कुछ फैसला होगा, लेकिन यह स्कीम इससे अलग होगी। उन्होने बताया कि मेरे भी बहुत कार्टून निकलते हैं। सोशल मीडिया पर बहुत लोग ट्रोल करते हैं। टोल को लेकर लोग थोड़े नाराज भी हैं। मैं इतना ही कह सकता हूं कि टोल की नाराजगी कुछ ही दिनों में दूर हो जाएगी।उन्होंने कहा कि पांच साल के अंदर दिल्ली में एक भी डीजल बस दिखेगी नहीं, सारी इलेक्ट्रिक बसें चलेंगे। मेरे पास 100त्न ऐथनॉल पर चलने वाली गाड़ी है। टाटा, सुजुकी, महिंद्रा,सुजुकी आदि भी ऐथनॉल वीकइल ला रहे हैं। डीजल, पेट्रोल कार ट्रक-बस की कीमत एक हो जाएगी। आने वाले समय में देश में साल में 1 लाख इलेक्ट्रिक बसें बनेंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले वक्त में हम स्काई में चलने वाली बस पर भी काम कर रहे हैं ताकि ट्रैफिक की समस्या को कम किया जा सके।

### *आतिशी के पास दिल्ली की जनता को बताने के लिए कुछ भी नहीं : रमेश बिधूड़ी*

*नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता रमेश बिधूड़ी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर जोरदार निशाना साधा।उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि आतिशी के पास दिल्ली के लोगों को बताने के लिए कुछ भी नहीं है, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किए हैं।उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की जनता के मन में मोदी जी हैं और आतिशी को यह अच्छे से पता है कि वो चुनाव हारने जा रही हैं।भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आतिशी को अब देश की व्यवस्था पर विश्वास करना चाहिए। लेकिन, आतिशी ऐसा ना करके गाड़ियों का काफिला लेकर अपने साथ चल रही हैं और हमारे कार्यकर्ताओं को उठवा रही हैं, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।*

*उन्होंने आगे कहा कि आतिशी कभी किसी की फोटो जारी कर रही है, तो कभी किसी की। मुझे लगता है कि आतिशी जी को ऐसा नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें संविधान पर और देश की व्यवस्था पर विश्वास करना चाहिए।उन्होंने कहा कि आतिशी की यह संस्कृति ही हैं। उनके संस्कार ही ऐसे हैं।उन्होंने कहा कि अब देश के लोग आम आदमी पार्टी के नेताओं की सच्चाई जान चुके हैं, तो ऐसे में जनता इन लोगों के झांसे में नहीं आने वाली है।*

## दिल्ली में बुधवार को मतदान, इंडिया ब्लॉक की पांच पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में



नई दिल्ली,(ए)। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए कल यानी 5 फरवरी को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं पांच पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं।वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्कसिस्ट (सीपीएम) और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्कसिस्ट लेनेनिस्ट (सीपीआई-एमएल) ने 2-2 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। बीजेपी ने 68 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर बीजेपी को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।





## विविध-समाचार

### मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लेकर हलचल फिर तेज हुई, राजेंद्र शुक्ल ने की पीएम से मुलाकात

भोपाल(आरएनएस)। दिल्ली में चुनाव प्रचार थमने के बाद एमपी में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में शुमार डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। ब्राह्मण वर्ग के नेताओं में राजेन्द्र शुक्ल का नाम तेजी से चल रहा है। शुक्ल के अलावा पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, गोपाल भार्गव, आलोक शर्मा, अर्चना चिटनीस, हेमंत खंडेलवाल, गजेन्द्र सोलंकी, लता वानखेड़े प्रदेश अध्यक्ष की रेस में शामिल हैं।

### भाजपा कार्यालय में खटवांग महाराज जयंती पर किया माल्यार्पण

भोपाल(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी एवं प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अयोध्या के सुविख्यात राजा रघु के पितामह श्री खट्वांग महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी विजय दुबे, वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र बरूआ, खटीक समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार रत्नाकर एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी इंजीनियर सूरज खरे सहित खटीज समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बसंत पंचमी पर्व मनाया

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में नानाजी देशमुख ग्रंथालय, ई-ग्रंथालय एवं अध्ययन कक्ष विभाग में सोमवार को बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी को बसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पुस्तालय में प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्रंथालय, ई-ग्रंथालय एवं अध्ययन कक्ष विभाग के प्रदेश संयोजक नीरव प्रधान, सह संयोजक आशीष रत्नपारखे, कार्यालय मंत्री चंचल सक्सेना, राजा पाठक सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर संगोष्ठी संपन्न

भोपाल (आरएनएस)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला इकाई रीवा एवं माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय परिसर रीवा के संयुक्त तत्वावधान में माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के सभागार में दो दिवसीय बसंतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिवस सोमवार को 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ ऋषि कुमार मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति,भारतीय जीवन शैली एवं देश की समृद्ध परंपरा को जानना ही आत्मबोध है और अब समय है कि हम इसे वैश्विक बनायें। आज पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति एवं इसके आदर्शों को जानने समझने एवं उस पर चलने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने कहा कि आज भारत में वह सामर्थ्य है कि वह अपने सांस्कृतिक वैभव से पूरे विश्व का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद अपने सृजन से ऐसे विमर्श खड़ा करें जो राष्ट्र एवं विश्व के लिए कल्याणकारी हो*।

### सीजीएसटी की टीम का बैरसिया रोड स्थित गोदाम में छापा,जब्त की 12 करोड़ की सुपारी

भोपाल (आरएनएस)। सीजीएसटी की टीम ने मंगलवार को राजधानी के बैरसिया रोड स्थित एक गोदाम में छापा मारकर 12 करोड़ रुपए की सुपारी जब्त की है। यह सुपारी साढ़े चार हजार बोरियों में छिपाकर गोदाम में रखी गई थी। सूचना के आधार पर पहुंची सीजीएसटी की टीम ने गोदाम में रखी सुपारी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सीजीएसटी अधिकारियों के अनुसार, गोपनीय सूचना के आधार पर की गई जांच के बाद शुरुआती आकलन में जब्त की गई सुपारी की कीमत 10 से 12 करोड़ रुपए आंकी गई है, जो इससे भी अधिक हो सकती है। बैरसिया रोड स्थित यह गोदाम रजिस्टर्ड नहीं है और यहां रखी गई सुपारी के दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जब्त सुपारी की कुल मात्रा 310 टन है। फ़िलहाल कार्रवाई जारी है।

# शहरों में बुनियादी अधोसंरचनात्मक विकास भावी आवश्यकताओं की करेगा पूर्ति : सीएम डॉ.यादव

## स्मार्ट-सिटी परियोजना में प्रदेश के 7 शहरों का हो रहा है समग्र विकास



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के विजन के अनुरूप प्रदेश के शहरों में विकसित हो रहा बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर भविष्य की नगरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा। इससे न केवल बढ़ती शहरी आबादी को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी अपितु शहर समृद्ध और विकसित होंगे। विकास के इस विजन को साकार करने के लिए प्रदेश के 07 शहरों में स्मार्ट-सिटी मिशन चलाया जा रहा है। भोपाल एवं इंदौर का मेट्रोपोलिटिन के रूप में विकास हो रहा है और भोपाल के आसपास के क्षेत्र को सम्मिलित कर राज्य राजधानी क्षेत्र के रूप में विकास की रणनीति का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि स्मार्ट-सिटी परियोजना में शामिल प्रदेश के 7 शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सतना, सागर और उज्जैन में पिछले एक वर्ष में 1253 करोड़ 65 लाख रूपये के 81 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वर्तमान में इन शहरों में 828 करोड़ रुपए के 43 कार्य प्रगति पर है। ये शहर महत्वपूर्ण अधोसंरचनाओं, प्रभावी सार्वजनिक सेवाओं और सतत् शहरी योजना से लैस आधुनिक शहरी केंद्र बनने के लिए महत्वपूर्ण विकास के दौर से गुजर रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्मार्ट-सिटी मिशन-2.0 के अंतर्गत उज्जैन और जबलपुर के लिए 370 करोड़ रूपये का बजट आवंटित किया गया है, जो इन शहरों की अवसंरचना को आधुनिक बनाने में मदद करेगा। इस मिशन का उद्देश्य ऐसे शहरों का निर्माण करना है जो विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर सकें और नवाचार और आर्थिक गतिविधि के केंद्र बन सकें, जिससे राज्य के समग्र विकास में योगदान हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार भोपाल को एक मेट्रोपोलिटन सिटी में परिवर्तित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। शहर के विकास की इस योजना में भोपाल को झुग्गी मुक्त बनाने और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास शामिल हैं। भोपाल के शहरी विकास का समर्थन करने के लिए एक प्रमुख परियोजना मेट्रो रेल प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है। भोपाल और इंदौर में 14,440 करोड़ रूपये के निवेश से मेट्रो परियोजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनसे यातायात सुगम होगा, भीड़-भाड़ कम होगी,



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल माँ नर्मदा मंदिर तुलसी नगर में नर्मदा जयंती के शुभ अवसर पर माँ नर्मदा का पूजन किया और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की

### एम्स भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था में कार्यरत 200 पूर्व सैनिकों को नौकरी से निकाला

भोपाल (आरएनएस)। देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सुरक्षा व्यवस्था में कार्यरत 200 पूर्व सैनिकों को नौकरी से हटा दिया गया है। जिससे वे बेरोजगार हो गए हैं। इस फैसले से न केवल प्रभावित पूर्व सैनिकों में नाराजगी है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। नौकरी से हटाए गए पूर्व सैनिकों ने इंडियन वेटरन ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर अपनी बहाली की मांग की है। इस मामले पर एम्स प्रबंधन ने सफाई देते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों का कॉन्ट्रैक्ट पीरियड समाप्त हो गया था, जिसके चलते उन्हें हटा दिया गया है। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, यह एक नियमित प्रक्रिया है जिसमें कान्ट्रैक्ट पूरा होने के बाद नई एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि नई एजेंसी ने पूर्व सैनिकों को दोबारा नियुक्त करने पर विचार क्यों नहीं किया। यहां मौजूद पूर्व सुरक्षाकर्मियों के अनुसार उनको मौखिक रूप से पिछले एक महीने से कहा जा रहा था कि उनका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू हो जाएगा। यह कांट्रेक्ट जब 31 जनवरी को खत्म हो रहा था।

### जब मुख्यमंत्री/गृह मंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र ही असुरक्षित हैं तो प्रदेश कैसे सुरक्षित रहेगा?: जीतू पटवारी

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन में भाजपा विधायक के भाई द्वारा अपने ही पुत्र की गोली मारकर हत्या किये जाने पर प्रदेश के मुखिया और गृह मंत्री का दायित्व संभाल रहे डॉ. मोहन यादव की कार्यशैली और प्रदेश में व्याप्त अराजकता के माहौल पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये का कि जब उनका ही गृह क्षेत्र असुरक्षित हो, तो पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा, पूरा प्रदेश कैसे सुरक्षित रह सकता है? गृहमंत्री से इसकी उम्मीद नहीं की जा सकती।जीतू पटवारी ने कहा कि उज्जैन में, गृह मंत्री मोहन यादव जी के ही क्षेत्र में, उनकी पार्टी के विधायक के भाई ने सरेआम अपने ही पुत्र को गोली मार दी, यह घटना न केवल प्रदेश की बदहाल कानून-व्यवस्था को उजागर करती है, बल्कि भाजपा सरकार की प्रदेश में व्याप्त अराजकता का भी प्रतीक है। पटवारी ने कहा कि मोहन यादव की नाकामी और लाचारी का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि उनकी ही पार्टी के लोग उनके ही क्षेत्र में खुलेआम गोलियां चला रहे हैं? भाजपा सरकार ने प्रदेश को जंगलराज में तब्दील कर दिया है, जहाँ अपराधी अपराध को अंजाम दे रहे हैं, कानून के भय से बेखौफहैं और प्रदेश की आम जनता असुरक्षित है।

# नन्हें चीतों की किलकारियों से फिर गूँजा कूनो : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश की धरती पर चीता शावकों का स्वागत है

## मुख्यमंत्री ने कूनो प्रोजेक्ट से जुड़े स्टॉफ को दी बधाई



भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को 2 चीता शावकों के आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर चीता शावकों का स्वागत है। मुझे यह जानकारी साझा करते हुए काफी खुशी हो रही है कि कूनो में फिर चीता शावकों की किलकारियाँ गूँजी हैं और मध्यप्रदेश की धरती पर चीतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता वीरा ने 2 नन्हें शावकों को जन्म दिया है। अब कूनो नेशनल पार्क में 14 शावक और 12 वयस्क चीतों के साथ कुल संख्या 26 हो गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर दोनों शावकों की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जंगल बुक में 2 और चीता शावकों की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप आज मध्यप्रदेश को चीतों की धरती'' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ने से प्रदेश के पर्यटन को नई उड़ान मिल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे रोजगार के नये द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चीतों के साथ ही सभी वन्य-जीवों के संरक्षण, संवर्धन और पुनर्स्थापना के लिये हमेशा तैयार हैं।

# सौरभ, चेतन, शरद को जेल भेजा, 17 फरवरी तक रिमांड पर

भोपाल(आरएनएस)। आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे लोकायुक्त कोर्ट में पेश किया गया। यहां करीब एक घंटे चली सुनवाई के बाद जज आरपी मिश्रा ने तीनों आरोपियों को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जेल में तीनों को एक साथ रखा गया है।

बता दें कि सात दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज मंगलवार 4 फरवरी को तीनों को कोर्ट में पेश किया गया था।जहां लोकायुक्त ने आगे की पूछताछ के लिए उन्हें फ़िर से रिमांड पर लेने की मांग की। लोकायुक्त पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि यह सोना और पैसा किसका है और कहां से आया। इस मामले में कई खुलासे हो सकते हैं। सौरभ, शरद और चेतन तीनों ही आसानी से कुछ बताने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

कोर्ट रूम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग (आईटी) के अधिकारी भी मौजूद रहे। केस को सुनने के लिए बड़ी संख्या में वकील भी थे।

इससे पहले मंगलवार सुबह लोकायुक्त की टीम सौरभ, चेतन और शरद को लेकर मेडिकल चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंची। यहां से तीनों को दो गाड़ियों में कोर्ट ले जाया गया। पीछे के रास्ते से कोर्ट में दाखिल कराया। पेशी के बाद लोकायुक्त के अधिकारी इसी रास्ते से कोर्ट से बाहर निकले। ईडी की ओर से कोर्ट में एक आवेदन लगाया गया है।



इसमें जरूरत पड़ने पर तीनों आरोपियों से समय-समय पर जेल में पूछताछ की अनुमति मांगी गई है। कोर्ट ने फ़िलहाल इस आवेदन को सुनवाई के लिए रख लिया है।


सुबह 11:45 बजे तीनों आरोपियों को कोर्ट रूम में पेश किया। तीनों एक साथ कठघरे में बैठ गए। लोकायुक्त ने आरोपियों की रिमांड अवधी बढ़ाने की मांग नहीं की। लोकायुक्त पुलिस ने तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की मांग की। तीनों में से किसी के भी वकील ने कोई बेल एप्लिकेशन फाइल नहीं की। सौरभ की ओर से अब तक पैरवी करते आ रहे एडवोकेट राकेश पराशर कोर्ट रूम में शांत खड़े रहे। शरद के वकील सूर्यकांत बुझाड़ने ने भी किसी प्रकार का तर्क वितर्क नहीं किया। चेतन सिंह गौड़ के एडवोकेट हरीष मेहता ने लोकायुक्त की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि उनके मुवक्किल का लगातार मीडिया ट्रायल कराया जा रहा है।

# श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की इकाई नंबर तीन ने बनाया नया रिकार्ड

## एक दिन में किया 158.3 लाख यूनिट विद्युत का उत्पादन

भोपाल ( निप्र) मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) की 660 मेगावाट की इकाई नंबर 3 ने अपनी स्थापना के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दैनिक विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया है। इकाई नंबर 3 ने गत दिवस 158.3 लाख यूनिट विद्युत उत्पादन किया।

झइस दौरान यूनिट का प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 99.94 फीसदी रहा। इससे पूर्व इस इकाई द्वारा 24 नवम्बर 2018 को 158.14 लाख यूनिट दैनिक विद्युत उत्पादन किया गया था। यूनिट नंबर 3 ने कमीशनिंग के 6वें दिन ही दैनिक उत्पादन का रिकार्ड बनाया था। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता 2520 मेगावाट है। यहां पहली एवं दूसरी इकाई 600-600 मेगावाट और तीसरी व चौथी इकाई 660-660 मेगावाट की हैं। दैनिक विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाने वाली इकाई नंबर 3 की कमीशनिंग 18 नवम्बर 2018 को हुई थी। इस यूनिट ने अपनी



कमीशनिंग के 6वें दिन 24 नवम्बर 2018 को 158.14 लाख यूनिट दैनिक बिजली उत्पादन किया था। जो अब तक का सर्वाधिक दैनिक विद्युत उत्पादन था। यह रिकार्ड गत दिवस 3 फरवरी को उस समय टूटा जब इस यूनिट ने एक दिन में 158.3 लाख यूनिट बिजली उत्पादन कर दिया।

### तीन क्षेत्रों से मिलता है कोयला

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह को डब्ल्यूसीएल, एसईसीएल और एनसीएल से कोयले की प्राप्ति होती है। विद्युत गृह में उत्पादित होने वाली विद्युत की निकासी 400 केवी एवं 220 केवी पीथमपुर और छैगांव पारेषण लाइनों से होती है।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 3 के अभियंताओं और कार्मिकों को नया दैनिक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड कायम करने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई एवं कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बधाई दी।

# मप्र से लेकर गुजरात तक में समृद्धि ला रही मां नर्मदा

भोपाल (आरएनएस)। किसी भी नदी को को ऐसे ही मां का दर्जा नहीं मिल जाता है, बल्कि उसकी खासियत और उसके द्वारा कराए जाने वाले अहसास का इसमें अहम रोल होता है। यही वजह है कि नर्मदा नदी को न केवल जीवनदायनी माना जाता है, बल्कि उसे मां का भी दर्जा दिया जाता है। यह ऐसी नदी है जिसका अपना पौराणिक और धार्मिक महत्व भी है। यही वजह है कि उसकी जयंती भी धूमधाम और धार्मिक रीति रिवाज से मनाई जाती है। माघ माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को नर्मदा जयंती का पर्व मनाया जाता है। आज पूरे देश में नर्मदा जयंती मनाई जा रही है। मप्र के विकास में अहम योगदान इस नदी का माना जाता है। प्रदेश की जीवनदायनी नर्मदा नदी तीन हजार किलोमीटर लंबाई में बहती है और हरियाली के साथ आसपास के क्षेत्रों की समृद्धि और विकास की फैलाती है। नर्मदा नदी इंदौर, जबलपुर, भोपाल सहित कई शहरों और गांवों की प्यास बुझा रही है। नर्मदा मप्र में 1077 किलोमीटर, महाराष्ट्र में 32 किलोमीटर, महाराष्ट्र-गुजरात में 42 किलोमीटर एवं गुजरात में 161 किलोमीटर प्रवाहित होकर कुल 1312 किलोमीटर पश्चात् गुजरात में भड़ूच के निकट खंभात की खाड़ी के अरब सागर में समाहित होती है। मध्य प्रदेश और गुजरात की जीवनदायिनी नर्मदा का उद्गम स्थल अनूपपुर जिले के अमरकंटक में है। इस नदी पर गांधी सागर, ओंकारेश्वर बांध, सरदार सरोवर जैसे बड़े बांध इस नदी पर बने हैं।

### -इंदौर में चौथे चरण की योजना तैयार

प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर की प्यास नर्मदा नदी 47 सालों से बुझा रही है। 1978 में नर्मदा का पहले चरण के कदम इंदौर में पड़े थे। इसके बाद दो चरण और तैयार हुए। अब चौथे चरण को लाने की तैयारी हो रही है। हर दिन तटबंधों को लांघ कर मां नर्मदा 70 किलोमीटर की यात्रा करती है। 540 एमएलडी पानी हर दिन इंदौर की 40 लाख की आबादी की प्यास बुझाता है।

### इंदौर और भोपाल जैसे शहरों की बुझाती है प्यास



नर्मदा को लाने के लिए इंदौर में आंदोलन इंदौर में 60 के दशक में सूखा पड़ गया था। यशवंत सागर, बिलावली जैसे जल स्त्रोत सूख गए थे। इंदौर शहर फैल रहा था, लेकिन शहर के पास कोई बड़ी जलराशि नहीं थी। तब शहर के लोगों ने नर्मदा को इंदौर लाने की मांग उठाई। तब इंदौर में दो माह से भी ज्यादा समय तक लंबा आंदोलन चला। आखिरकार सरकार को झुकना पड़ा और नर्मदा को इंदौर लाने का रास्ता खुला। इसी तरह से भोपाल में भी आधे शहर की प्यास इसी नर्मदा के जल से बुझती है।

### -चार राज्यों को पहुंचा रही फायदा

नर्मदा नदी पर इंदिरा सरोवर (खंडवा), सरदार सरोवर (नवेगाव, गुजरात), महेश्वर परियोजना (महेश्वर) बरगी परियोजना (बरगी, जबलपुर), ओंकारेश्वर परियोजना बांध निर्मित हैं। सरदार सरोवर बांध के बन जाने के बाद कई राज्यों को सीधा फायदा हुआ है। इसके पानी से गुजरात के खेतों सिंचाई में बड़ी मदद मिली है। लंबी-लंबी नहरें बनाकर गुजरात की 800,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित की जा रही है। वहीं राजस्थान की 2,46,000 हेक्टेयर भूमि नर्मदा के पानी से सिंचित हो रही है। गुजरात में 485 किमी की नहरें तो राजस्थान में 75 किमी लंबी नहरों से नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। वहीं सरदार सरोवर बांध से उत्पन्न बिजली भी तीन राज्यों को रोशन करने में मदद कर रही है। बिजली उत्पादन का 57 प्रतिशत महाराष्ट्र को, 27 प्रतिशत मध्य प्रदेश तो गुजरात को 16 प्रतिशत दिया जा रहा है।

### -सिंहस्थ में नर्मदा-शिप्रा जल में लगाते हैं लोग डुबकी

12 वर्षों में एक बार लगने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान करने आते हैं। शिप्रा नदी प्रदूषित हो चुकी है। दस साल पहले नर्मदा नदी का जल शिप्रा में मिलाया गया। शिप्रा नदी के उद्गम स्थल उज्जैनी में बड़वाह से 60 किलोमीटर लंबी लाइन बिछाकर नर्मदा जल छोड़ा गया। इससे शिप्रा नदी अपने उद्गम स्थल से पुर्नजीवित हुई। पिछले सिंहस्थ में नर्मदा जल में ही लाखों भक्तों ने स्नान किया था। नर्मदा नदी के किनारे ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और महेश्वर धार्मिक नगरी भी बसी हुई है। नर्मदा नदी से गंभीर नदी को भी लिंक किया गया है। इंदौर के अलावा उज्जैन और देवास शहर की प्यास मां नर्मदा बुझाती है। नर्मदा का धार्मिक महत्व: नर्मदा भारत की प्रमुख नदियों में से एक है। नर्मदा भारत की पांचवी बड़ी नदी मानी जाती है। पर्वतराज मैखल की पुत्री नर्मदा को रेवा के नाम से भी जाना जाता है। इसका वर्णन रामायण, महाभारत आदि अनेक धर्म ग्रंथों में भी मिलता है।

# घर-घर से किसानों को बुलाकर बनवाएं फार्मर आईडी : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## बरेठा में हुई जन-सुनवाई व शिविर के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



ग्वालियर(आरएनएस)। जिले भर की ग्राम पंचायतों में मंगलवार को एक साथ जन-सुनवाई हुई। साथ ही विशेष शिविर लगाकर किसानों की फॉर्मर आईडी, ईकेवायसी, भू-लेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग व आधार से बैंक खाते लिंक करने का काम किया गया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्राम पंचायत बरेठा में पहुँचकर जन-सुनवाई व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर निर्देश दिए कि पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक घर-घर जाकर किसानों को बुलाएं और उनकी फॉर्मर आईडी व ईकेवायसी व बैंक खातों से आधार लिंकिंग का काम कराएं। साथ ही कहा कि 15 फरवरी तक शतप्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी बन जानी चाहिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने ग्राम पंचायत भवन के समीप संचालित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक में लेन-देन के लिये आने वाले किसानों को पंचायत भवन में बुलाकर उनकी फार्मर आईडी व ईकेवायसी इत्यादि काम कराएं। उन्होंने ग्रामीण बैंक के प्रबंधक व लेखापाल सहित अन्य कर्मचारियों को भी फॉर्मर आईडी व ईकेवायसी का प्रशिक्षण दिलाने के लिये कहा, जिससे बैंकर्स भी इस काम में मदद कर सकें। मंगलवार को जिलेभर की ग्राम पंचायतों में हुई जन-सुनवाई व शिविरों का निरीक्षण करने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी पहुँचे और अपनी मौजूदगी में विभिन्न किसानों की किसान पोर्टल पर ऑनलाइन फार्मर आईडी बनवाई। अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह व एसडीएम श्री अतुल सिंह ने पुरानी छावनी, ओड़पुरा, भयपुरा, सौजना, तिघरा व मेहदपुर में आयोजित हुई जन-सुनवाई व शिविर का जायजा लिया। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने किसान भाईयों से भी अपील की है कि वे अपनी फॉर्मर आईडी अवश्य बनवा किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ अब उन्ही किसानों को मिलेगा, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अर्थात फॉर्मर आईडी बन जायेगी। साथ ही पीएम किसान पोर्टल पर ईकेवायसी, भू-अभिलेख रिकॉर्ड की आधार से लिंकिंग एवं बैंक खाते से आधार लिंक कराकर डीबीटी (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर) कराना भी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये अब अनिवार्य हो गया है।

## गिद्ध के अडे संभालने में फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को आया पसीना, वल्चर की ब्रीडिंग हैबिट है अमेजिंग

सागर(आरएनएस)। पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों की बड़ी चिंता विलुप्त हो रहे उस पक्षी को लेकर काफी ज्यादा है, जिसे हम गिद्ध के नाम से जानते हैं. प्रकृति के सफाई कर्मी के तौर पर जाने जाने वाले गिद्ध पर्यावरण का अहम हिस्सा है. इनकी मौजूदगी मानव जीवन को कई तरह के संकटों से बचाती है, लेकिन मवेशियों में उपयोग होने वाले कुछ इंजेक्शन इनकी मौत की वजह बन रहे हैं. इनकी संख्या तेजी से कम हो रही है. ऐसे में गिद्धों के संरक्षण के लिए दुनिया भर के पर्यावरण प्रेमी चिंतित हैं. खासकर सर्दी के मौसम में चिंता इसलिए बढ़ जाती है, क्योंकि गिद्ध इस समय पर प्रजनन करते हैं. साल में एक बार में सिर्फ एक अंडा देते हैं. ऐसे में एक अंडे को बचाने के लिए मध्य प्रदेश का वन विभाग काफी मशक्कत कर रहा है, क्योंकि सर्दी के मौसम में मध्य प्रदेश में सात प्रजाति के गिद्ध आते हैं. ।

## युवक करंट की चपेट में आया, मौत

### भाई बोला 108 एम्बुलेंस डायल 100 को कॉल किया किसी ने फोन नहीं उठाया

उज्जैन, (आरएनएस)। तिलकेश्वर कॉलोनी में रहने वाला युवक सोमवार रात घर में बिजली के बोर्ड में पिन लगा रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया। तिलकेश्वर कॉलोनी में रहने वाला संजय पिता राधेश्याम सोलंकी रात करीब 9 बजे घर में बिजली के बोर्ड में पिन लगा रहा था तभी बोर्ड निकलकर उस पर आ गिरा। करंट में चपेट में आने से संजय गंभीर रूप से झुलस गया। उसके भाई जीतेंद्र ने बताया कि संजय को अस्पताल ले जाने के लिए 108 एम्बुलेंस को फोन लगाया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया।मदद के लिए पुलिस को डायल 100 पर कॉल किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। काफी देर होने पर संजय को ई-रिक्शा में डालकर चरक अस्पताल लाए तो डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। संजय गुब्बारें बेचने का काम करता था।

## बाबासाहेब के जीवन संघर्षो से प्रेरणा लेकर, उनके विचारों और आदर्शो को अपने जीवन में करें आत्मसात:मंत्री परमार

शाजापुर (आरएनएस)।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लागू होने के बाद से ही, प्रदेश में शिक्षा में आमूलचूल और व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। मध्यप्रदेश नए संकल्प के साथ, भारत केंद्रित शिक्षा और भारतीय दर्शन से समृद्ध शिक्षा की ओर सतत् आगे बढ़ रहा है। शिक्षा में व्यापक परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, राज्य सरकार ने सीएम राइज योजना के अंतर्गत विद्यालय स्थापित किए हैं। निर्धनता, अब शिक्षा अर्जित करने में बाधा नहीं बन सकेगी। निर्धन अभिभावक का दर्द समझकर ही सीएम राइज योजना अंतर्गत विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। सभी वर्ग के विद्यार्थी समान रूप से गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ शिक्षा अर्जित कर सकेंगे। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कही। मंत्री परमार मंगलवार को शाजापुर जिले की शुजालपुर विधानसभा के गौलाना स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सीएम राइज विद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

मंत्री परमार ने गौलाना स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सीएम राइज विद्यालय में भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश के प्रथम सीएम राइज विद्यालय के रूप में स्थापित होने के समय ही, हमने इस विद्यालय का नामकरण बाबा साहेब के नाम पर कर दिया था। परमार ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन देश और समाज के लिए एवं सभी के लिए समान अधिकारों के लिए समर्पित रहा। इसके लिए उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना था। परमार ने कहा कि बाबा साहेब सभी के लिए श्रद्धा का केंद्र हैं, सभी वर्ग के लोग उनका सम्मान करते हैं और उनके जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेते हैं। मंत्री परमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर, उनके विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात् करें और उनकी तरह ही राष्ट्र निर्माण के लिए देशभक्त एवं ईमानदार नागरिक बनने की ओर आगे बढ़ें।

## व्यापार समाचार

## बजट के बाद अब बाजार का फोकस ब्याज दरों पर, RBI इस दिन कर सकता है बड़ा ऐलान



नई दिल्ली (आरएनएस)।। बजट के बाद अब निवेशकों का फोकस 7 फरवरी को आने वाले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले पर होगा। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। अनुमानों के मुताबिक, आरबीआई एमपीसी बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के आने के बाद यह पहली एमपीसी बैठक है।


मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, आम बजट 2025-26 पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) से उपभोग और बचत पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है। हालांकि, अभी भी राजकोषीय घाटे के समेकन को प्राथमिकता दी गई है।

पिछले वर्षों से अलग हटकर, बजट में केवल पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उपभोग और बचत को प्रोत्साहित करने का विकल्प चुना गया। इसकी वजह खपत का कमजोर होना और अर्थव्यवस्था का धीमा होना था। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकलुभावन उपायों का सहारा लिए बिना उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राजकोषीय रुख को समायोजित करने में लचीलापन दिखाया है।बजट में राजकोषीय अनुशासन भी बनाए रखा गया है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बजट घोषणाओं के बाद अब बाजार का ध्यान पुनः आय तथा 7 फरवरी को होने वाली आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की आगामी बैठक पर होगा।रिपोर्ट के मुताबिक, आय धीमी गति से बढ़ने की उम्मीद है। कर के बाद निफ्टी का मुनाफा वित्त वर्ष 25 में 5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 16 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। मिडकैप और स्मॉलकैप की अपेक्षा लार्जकैप पहली पसंद रहेंगे। निफ्टी एक वर्ष के फॉरवर्ड आधार पर 19.9 गुना पर कारोबार कर रहा है।

### करोड़ों निवेशकों पर मंडरा रहा साइबर फ्राड का खतरा, देश के सबसे बड़े बैंक ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में बढ़ते साइबर अपराध ने आम लोगों के साथ-साथ सरकारों की भी नींद उड़ा दी है। इसी बीच सबसे बड़े सरकारी बैंक- SBI ने भी अपने ग्राहकों के लिए एक चेतावनी जारी की है। SBI ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से चेतावनी जारी की है। एसबीआई ने लिखा है, 卐भारतीय स्टेट बैंक अपने सभी ग्राहकों और आम जनता को सावधान करता है कि उसके टॉप मैनेजमेंट के डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर सर्कुलेट किए जा रहे हैं, जो कुछ निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनका समर्थन करने का दावा करते हैं।ये वीडियो लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास करते हैं।

## निसान मैग्नाइट की कीमत अब 22,000 रुपये तक बढ़ी




नई दिल्ली (ए)। हाल ही में निसान मैग्नाइट का फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च किया था, जिसकी कीमत पुराने मॉडल के समान रखी गई थी। शुरुआती 10,000 ग्राहकों के लिए कंपनी ने इसे इंट्रोडक्टरी प्राइस पर पेश किया था, लेकिन अब यह ऑफर खत्म कर दिया गया है और कार की कीमत में बढ़ोतरी कर दी गई है। निसान मैग्नाइट की कीमत अब 22,000 रुपये तक बढ़ गई है। पहले इसका इंट्रोडक्टरी प्राइस 5.99 लाख रुपये था, जो अब 6.12 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो गया है। विभिन्न वेरिएंट्स की कीमतों में अलग-अलग वृद्धि हुई है। एनए पेट्रोल वेरिएंट्स में टेकना एनए पेट्रोल एएमटी और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत 19,000 रुपये तक बढ़ी है। वहीं, असेंटा एनए पेट्रोल एएमटी की कीमत में 18,000 रुपये की वृद्धि हुई है। बेस वेरिएंट वीसीए और मिड-स्पेक एन-कनेक्टा की कीमत में 13,000 रुपये का इजाफा हुआ है। एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स में एन-कनेक्टा की कीमत सबसे कम 8,000 रुपये बढ़ी है, जबकि वीसीए, वीसीए प्लस और टेकना एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमत 13,000 रुपये तक बढ़ाई गई है। टॉप-स्पेक टेकना और टेकना प्लस एनए पेट्रोल एमटी वेरिएंट्स की कीमतों में 14,000 रुपये का इजाफा हुआ है।

एसेंटा टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट अब 20,000 रुपये तक महंगा हो गया है, जबकि टेकना और टेकना प्लस टर्बो पेट्रोल सीवीटी वेरिएंट्स की कीमतों में 22,000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। अब निसान मैग्नाइट की एक्स-शोरूम कीमत 6.12 लाख रुपये से शुरू होकर 11.72 लाख रुपये तक जाती है। बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद यह कार अपनी स्टाइलिंग, फीचर्स और परफॉर्मेंस की वजह से ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बनी हुई है। बता दें कि सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में निसान मैग्नाइट भारतीय बाजार में काफी लोकप्रिय कार है। यह निसान की सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक है।

## रुपया बढ़त पर बंद

*मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को भारतीय रुपया 11 पैसी की बढ़त के साथ ही 87.0675 पर बंद हुआ, जो पिछले सेशन मे 87.1850 था। शुरुआती कारोबार में 13 पैसे की बढ़त के साथ 86.98 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद भारतीय मुद्रा पर कुछ दबाव कम हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, ट्रंप की शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108.74 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया डॉलर के मुकाबले 86.98 पर खुला, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को 49 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.11 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।*


**यूनिट - 13 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. नर्मदापुरम्**

**अनुपयोगी सामग्री नीलामी हेतु**

13 म.प्र. बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम् द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2025 को अनुपयोगी सामग्री की नीलामी होना है। अत: इच्छुक पंजीकृत बोलीकर्ता उक्त दिनॉक को 11:00 बजे आमंत्रित है। **दूरभाष : 8955313151**

**Lt Col**
**Offg Commanding Officer**
**13 MP Bn NCC**
**Narmadapuram**

जी/22581/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



**खंड-I**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्यालय- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 1352/ई-टेंडरिंग/2024-25, दिनांक 30-01-2025**

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | क्र. | विवरण | स्पेशिफिकेशन | अनुमानित राशि एस.ओ.आर. अनुसार | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | विस्थापन ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य | | | 480000.00 | 500.00 |
| | 1. | Installation of 25x6,1x63 KVA Xmer for Vistapit village Suplai bhag-4 agri Connection under Semriharchand D/c of O&M Dn Sohagpur | 1. 1 KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Rac coon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA<br>2. One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3 X50+1x16+ 1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS<br>3. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE)<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-105921) | 7706921.33 | | |
| | 2. | Installation of 8x25 KVA, Xmer for visthapit village Naya khamda bhag-1 agri Connection under Semriharchand D/c of O&M Do Soharpur | 1 KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Rac coon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA<br>2 One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3X50+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXI MUM SPAN OF 50METERS<br>3 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE)<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-105884) | 3778424.95 | | |
| | 3. | Electrification of village pohdar at kesla dc under o&m div itarsi | One KM. LT. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3 X 25+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-38742) | 72470.68 | | |
| | 4. | Electrification of 2 number consumer for irrigation purpouse in van gram podar under kesla dc under o&m div Itarsi | 1. Augmentaion of existing 11 KV line to Raccoon with 8 Mtr PCC for Mid Span pole<br>2. One KM. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3X25+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXI MUM SPAN OF 50 METERS<br>3. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE)<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-38744) | 434948.26 | | |
| | 5. | Electrification of 17 nos agriculture pump connections in visthapit village Jhalai Malini Bhag-1 in Pathrota D/c under O&M Dn Itarsi. | 1. 1 KM OF 11 KV LINE ON 8. Mtr PCC Pole Using Rac coon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA<br>2. 11 KV T.P.STRUCTURE ON 140 KG 8 Mtr PCC POLES<br>3. One KM. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON RSJ 9.3 M USING [3 X35+1 X 16+ 1 X 35 sq.mm. (insulated nuetral massenger) AERIAL BUNCHED XLPE CABLE IN URBAN AREA<br>4. 11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE)<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-117284) | 3134445.63 | | |
| | 6. | P.S. to 8-10 KW 06 No. DLF conn. for new village Jhalai electrification at vill. Jhalai under Shahpur D/c. under Betul North Dn. | 1. 1 KM OF 11 KV LINE ON 8 Mtr PCC Pole Using Raccoon Conductor maximum Span 70 Mtrs IN RURAL AREA<br>2. One Km. L.T. LINES 3 PHASE 5 WIRE ON PCC 8 M USING 1100 Volts Grade A.B. Cable 3x35+1x16+1x35 Sq.mm. XLPE WITH MAXIMUM SPAN OF 50 METERS<br>3.11/0.4 KV, 25KVA OUT DOOR SUB-STATION (ON PCC POLE)<br>4. SCHEDULE FOR DTR FENCING IN RURAL AREA<br>(Kindly Refer Attached Estimate Report ERP Number:-85583, VERSION-1) | 889115.31 | | |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 31.01.2025 को शाम 05.00 बजे से दिनांक 14.02.2025 को शाम 05.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

https://www.mptenders.gov.in

**उपसंचालक**
**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व**
**नर्मदापुरम**

जी/22583/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अरबपतियों की संख्या में इजाफा

दुनिया भर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में दो हजार अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर पंद्रह अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। 2023 की तुलना में यह तीन गुना है। विश्व आर्थिक मंच की वाषिर्क बैठक से पहले ऑक्सफेम इंटरनैशनल ने टेकर्स, नॉट-मेकर्स' शीषर्क से रिपोर्ट पेश की जिसके अनुसार 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है क्योंकि इसका 60त्न अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठ-गांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है।

ऑक्सफेम ने कहा कि दुनिया के सबसे समृद्ध लोगों की संपत्ति औसतन प्रति दिन लगभग दस करोड़ अमेरिकी डॉलर के हिसाब से बढ़ी। भारत में भी अरबपतियों की संख्या में इजाफा होते हुए उनकी कुल संख्या 185 हो चुकी है जिससे इस क्षेत्र में भारत तीसरे स्थान पर आ चुका है। अमेरिकी अरबपतियों की संख्या दिसम्बर में 835 थी जबकि चीन में 423 थी। हालांकि भारत में 185 में से 108 पब्लिकली लिस्टेड पारिवारिक बिजनेस हैं।

सरकारी आंकड़ों में गरीबी भले ही कम हो रही हो मगर विरोधाभास यही है कि गरीबी, बेरोजगारी और भरपेट खाने के अभाव में जीने वाले भी कम नहीं हैं। संयुक्त राट्र की रपट के अनुसार दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीने को मजबूर हैं। मुनाफाखोरी के चलते बड़ा वर्ग संपत्ति बटोरने में इस कदर जुटा है कि उन्हें घोर गरीबी और भुखमरी में जीने वालों के प्रति तनिक रुचि नहीं रही।

हालांकि अरबपतियों में ऐसा वर्ग भी है जो अपनी संपत्ति का निश्चित हिस्सा दान करने का काम करता रहा है। फिर भी धन विभाजन के इस प्रचलित रवैये से समाज में पैदा हुए गहरे असंतुलन को संभालना नामुमकिन होता जा रहा है। दुनिया में 58 करोड़ नाबालिग घोर गरीबी में बताए जाते हैं जिनके प्रति इन अरबपतियों को संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए न कि धन एकत्र कर अति समृद्धों की सूची का विस्तार कर पूंजी के गुणगान में जुट जाएं।

हकीकत से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि अरबपति उचित समय पर सटीक निर्णयों द्वारा धन बढ़ाने के प्रयास करते रहते हैं। विरासतन मिलने वाला धन कई गुणा होकर स्वत: ही वृद्धि करता रहता है। यह दौर यूं भी पैसों की चकाचौंध और धन के गुणगान का बन चुका है। ऐसे में अरबपतियों को समानता या धन विभाजन का पाठ पढ़ाया जाना मुमकिन नहीं लगता।


# दुनिया में भोजन की बर्बादी और भुखमरी गंभीर चुनौती

**विजय कुमार जैन**

प्रति वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। दुनिया के लगभग 150 देशों में भुखमरी एवं निर्धनता हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना भी है कि भोजन एक बुनियादी और मौलिक मानव अधिकार है। दुनिया भर के 23 प्रतिशत भूखे लोग भारत में रहते हैं। दुनिया में प्रतिदिन भोजन की बर्वादी और भुखमरी की विकराल समस्या को ध्यान में रखकर हर वर्ष विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। मगर यह समस्या कम नहीं हुई है। दुनिया में 80 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के बोझ को अभिशाप मान रहे हैं। अनगिनत भूख से पैदा हुई गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। वही अगर अरबों टन भोजन बर्वाद होता है तो सोचना होगा हम कैसी सभ्यता का सृजन कर रहे हैं। दुनिया भर में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनके घरों में शाम को चूल्हा नही जलता बच्चों के मूँह में निवाला नहीं जाता और दूसरी ओर मानव सभ्यता का सिर शर्म से झुका देने बाला तथ्य यह है कि हर वर्ष 750 अरब अर्थात 47 लाख करोड़ का भोजन बर्वाद होता है।

हर वर्ष भोजन उत्पाद का 50 प्रतिशत भाग सड़ता, गलता, फैंका और बहाया जाता है। दुनिया भर में जो भोजन बर्वाद होता है उसके उत्पादन में कृषि योग्य 28 प्रतिशत जमीन का उपयोग होता है। और एक वर्ष में रूस की वोल्गा नदी में जितना पानी बहता है उतना सिचाई में लग जाता है। भारत में अनाज, दालें, फल, सब्जियों के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत बर्वाद होता है, जिसका बाजार मूल्य 50 हजार करोड़ रुपये है। इसमें मीट की बर्वादी मात्र 4 प्रतिशत है लेकिन इससे आर्थिक नुकसान 20 प्रतिशत होता है। विश्व भोजन बर्वादी में 3-3 अरब टन ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं, जिसमें मिथेन गैस सर्वाधिक निकलती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की अबाँइडिंग फ्यूचर फेमाइन्स की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग एक तिहाई भोज्य उत्पाद मनुष्य के मूँह तक नहीं पहुँच पाते। वह या तो रास्ते में रखरखाव ठीक से नहीं होने के कारण बर्वाद हो जाते है या उपभोक्ता उन्हें स्वयं ही नष्ट कर देते हैं। संयुक्त पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट फूड वेस्टेज फुटप्रिंट, इम्पेक्ट आँन रिसोर्सेज ने यह जानकारी दी है कि हर वर्ष विश्व भर में लगभग 1.3 अरब टन भोजन की बर्वादी होती है। विगत वर्षों संयुक्त राष्ट्र संघ ने यह आंकड़ा विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी किया जिसकी थीम सोचो खाओ और बचाओ थी। उत्तरी अमेरिका और यूरोप के उपभोक्ता हर वर्ष लगभग 20-20 करोड़ टन भोजन कूड़ेदान के हवाले कर देते हैं। जबकि अफ्रीका सहारा उपक्षेत्र का कुल उत्पादन ही 20.30 करोड़ टन है। यह आंकड़े स्वीडिस फूड एंड वायोटेक्नोलाजी और फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन के अध्ययन पर आधारित है। अध्ययन में यह कहा गया है कि भोजन की यह बर्वादी खेतों से खाने की थाली में पहुंचने की प्रतिक्रिया में होने बाली



गड़बड़ का परिणाम है।

अगर थाली की जूठन का अपना कोई देश होता सारी दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जन फैलाने वाला देश होता है। यह आकलन संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में दिया गया है। जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जीवन शैली में छोटे-छोटे बदलाव लाने की हिमायत करते हुए सर्वेक्षण में बताया गया है कि अगर सभी लोग थाली में जूठन छोड़ना बंद कर दें तो साल में हर भारतीय 90 किलो खाने की बर्बादी बचा लेगा। इस तरह अकेले भारत में हर साल 12600 करोड़ किलो अन्न की वार्षिक बचत होगी ।सर्वे के अनुसार दुनिया में उपभोक्ताओं को मिलने वाले खाने में से 17त्न बर्बादी होती है और इससे ग्रीन हाउस गैसों में 8त्न का योगदान होता है। आर्थिक सर्वेक्षण में जीवन शैली में बदलाव से क्लाइमेट को बचाने को लेकर जोड़ दिया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार अगर लोग डेयरी और मीट के बजाय शाकाहार की जीवन शैली अपनाये तो हर व्यक्ति साल में 2 टन कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकता है। दुनिया भर में लाइव मिशन के छोटे-छोटे कदमों से 38.14 लाख करोड़ रुपए ( 440 अरब डॉलर) की बचत होने का अनुमान है भारत सरकार लाइफ मिशन यानी लाइफ फॉर एनवायरमेंट लॉन्च कर चुकी है भारत के इस मिशन को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अपनाया है। विकसित और विकासशील देशों में भोजन बर्वादी के अलग-अलग स्वरूप है भारत जैसे विकासशील देशों में खराब प्रबंधन, पुरानी तकनीकी और अपर्याप्त असुरक्षित संरक्षण के कारण अनाज खेत से गोदाम के बीच सड़ता है।विकसित देशों में यह बर्वादी खाना बनाने के बाद होती है। पड़ौसी देश पाकिस्तान में भी रखरखाव की कमी के कारण कुल उत्पादन का 16 प्रतिशत यानि 30 टन से अधिक अनाज लोगों तक नहीं पहुंच पाता जबकि वहाँ की जनसंख्या का 36 प्रतिशत गरीबी की रेखा के नीचे है। 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से ग्रस्त है। एशिया और यूरोप एशिया के औद्योगिक क्षेत्र यूरोप दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में सब्जियों और मांस उत्पादों की 68 प्रतिशत बर्वादी धनान्य देशों में होती है। अमेरिकी 25 प्रतिशत भोजन फेंकते हैं और यूरोपियन एक तिहाई फेंकते इसलिये है कि खाने से ज्यादा खरीद लेते हैं। इसी स्थिति में विचाराधीन प्रश्न यह है कि भोजन बर्वाद होता है और लोग भूखे रहते हैं। भोजन फेंकने से पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ती हैं। पानी खाद का अपव्यय होता है। मानव श्रम का अपमान होता है।

स्वयं सेवी संगठन द हंगर प्रोजेक्ट के अनुसार दुनिया के लगभग 80.7 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार है 98 प्रतिशत पीड़ित भारत जैसे विकासशील के नागरिक है। हर वर्ष भारत में उतना गेहूं बर्वाद होता है जितनी आस्ट्रेलिया की वार्षिक पैदावार है। इससे वार्षिक कृषि लाभ में 50 हजार करोड़ का नुक्सान होता है और इससे 30 करोड़ लोगों के भोजन की पूर्ति हो सकती है। 2.1 करोड़ टन अनाज हर वर्ष इस कारण सड़ गल जाता है कि उसे सुरक्षित रखने के लिये कोल्ड स्टोरेज और सुव्यवस्थित कार्य योजना नहीं है। उत्पादन से उपभोक्ता तक पहुंचने सब्जियों और फलों का 40 प्रतिशत रेफ्रिजरेटर वाहनों की कमी, खराब सड़क, गड़बड़ मौसम और भृष्टाचार की वजह से कचरे के ढ़ेर में चला जाता है। कृषकों की एक और समस्या है उनकी फसलें एवं सब्जियां अधिक वर्षा, ओलावृष्टि एवं अधिक ठंड में पाला पड़ने से नष्ट हो जाती हैं।हम गंभीरता से विचार करें बर्वाद हो रहे भोजन को बचाया जाये जो बड़ी विश्व जनसंख्या का पेट भरने के लिये पर्याप्त है इससे हम अनाज के अतिरिक्त उत्पादन के भार से बचेंगे, भूमि, जल, पर्यावरण और श्रम को नष्ट होने से बचायेंगे।

दुनिया में हो रही भोजन की बर्वादी रोकने गंभीरता से प्रयास आवश्यक है। उत्पादन से उपभोक्ता तक पहुंचने की प्रक्रिया ठीक हो, सरकार रेफ्रिजरेटर वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था करे और पैदावार को सुरक्षित रखने की संरचना को विकसित करे। विकाशील देशों में भोजन की बर्वादी का दूसरा बड़ा कारण होटल और सामुहिक भोज आयोजन है। इसका सरल उपाय है अन्य व्यवस्थाओं के साथ ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं से भी संपर्क किया जाये जो जरूरतमंदों को भोजन वितरण के कार्य में जुटे हैं। गरीबी, भूख और भोजन की गहरी गुत्थी है जिसको हल किया जाना तत्काल आवश्यक है।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

# सभी वर्गों की बेहतरी बजट

सतीश सिंह

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी वर्गों की बेहतरी के लिए बजट में प्रावधान किया है। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंर्डड डिडक्शन के साथ नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, लेकिन अन्य जरिये से आय अर्जित करने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख रुपये रहेगी। बुजुर्ग नागरिकों के लिए टीडीएस की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। किराया आमदनी पर टीडीएस की छूट 6 लाख रुपये कर दी गई है।

मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होगी। ईवीऔर मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होगी। कस्टम ड्यूटी को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दी गई है। एक लाख अधूरे घरों के निर्माण को पूरा किया जाएगा और 2025 में 40 हजार नये घरों को पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा।

हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम की अवधि को बढ़ाकर 2028 किया जाएगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिला उद्यमियों के लिए विशेष ऋण योजनाओं को शुरू किया जायेगा। पहली बार उद्यमी बनने वाली पात्र महिलाओं को दो करोड़ रुपये का मियादी ऋण दिया जाएगा, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके।

आमजन की भलाई के लिए 36 जीवन रक्षक दवाओं को पूरी तरह से कर मुक्त किया गया है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनाए जाएंगे साथ ही साथ मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाओं की कीमत को कम किया जाएगा।

किसानों के आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है। देश में पीएम धन-धान्य कृषि योजना शुरू की जाएगी, जिससे 100 जिलों को लाभ होगा। डेयरी और मछली पालन के लिए 5 लाख रुपये तक का ऋण दिया गया है, जिससे मछुआरा समुदाय एवं अन्य कारोबारियों को लाभ होगा। कपास के ज्यादा से ज्यादा उत्पादन को सुनिश्चित करने के लिए 5 साल की कार्ययोजना बनाई जाएगी। असम के नामरूप में नया यूरिया प्लांट लगाया जाएगा, जिससे वहां के युवाओं और किसानों को लाभ होगा।

स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का फंड बनाया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों में इजाफा होगा। आने वाले साल र्आिटफशियल इंटेलीजेंस के होंगे। इसलिए, 500 करोड़ रुपये से 3 र्आिटफशियल इंटेलीजेंस एक्सीलेंस सेंटर बनाए जाएंगे। स्वास्थ क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए मेडिकल की शिक्षा में अगले 5 सालों में 75 हजार सीटें बढ़ाई जाएगी। साथ ही, देश के 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाई जाएगी।मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड को बढ़ावा दिया जाएगा। स्किल बढ़ाने के लिए 5 राष्टीय स्तर के सेंटर बनाए जाएंगे। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जाएगी।एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी की सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया जाएगा। देश को खिलौना उत्पादन का ग्लोबल हब बनाने की राष्टीय योजना बनाई जाएगी। नई लेदर योजना शुरू की जाएगी, जिससे 22 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। इस क्रम में पहले वर्ष में 10 लाख कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे।




मेष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है।आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है । दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जायेंगे..जहाँ बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा।

वृष राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जायेंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स और मीडिया संबंधी बिजनेस में नया मोड़ आ सकता है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों में किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, जो आपके लिए मददगार साबित होगी।

मिथुन राशि: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं । उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे । आज का दिन महिलाओं के लिए बहुत ही अनुकूल है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा । ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे ।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए। आज पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है, इसलिए पॉजिटिव रहें और अपने कार्यों पर ध्यान दें। खेलकूद से जुड़े विद्यार्थियों को लाभदायक अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। दोस्त के साथ कुछ दिनो से चल रही अनबन आज आपके पहल करने से ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन ख़त्म होंगी।आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा।एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा।लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं।किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से मदद मिलेगी जिससे काम का बोझ कम हो जायेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है।आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं । डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से दिखायेंगे, आपको समाधान का बढ़िया तरीका मिलेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन शानदार रहने वाला है । आज आप अपने व्यापार को आगे बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। आप अपने कार्यों को जितनी तन्मयता और मेहनत से करेंगे, उसी के अनुरूप उचित परिणाम भी हासिल होंगे ।

मीन राशि: आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी। आपकी लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा बढ़ेगा । कुछ राजनीतिक लोगों के साथ लाभदायक मुलाकात होगी।

# दुनिया के सामने जलवायु का संकट

**बलबीर पुंज**

जलवायु का संकट है पर इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है। वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेडिय़ा आया, भेडिय़ा आया कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे। जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया।

अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने जिन दर्जनों कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, उसमें से एक पेरिस जलवायु समझौते' से अमेरिका को बाहर करना भी रहा।

वर्ष 2015 में 190 से अधिक देशों के बीच हुई इस स्वैच्छिक संधि से अमेरिका दूसरी बार बाहर हुआ है, जिसमें ग्लोबल वार्मिंग' को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया गया था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह फैसला उस समय लिया, जब 11 जनवरी को यूरोपीय संस्था कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा' (सीथ्रीएस) ने कहा था कि वर्ष 2024 में वैश्विक औसत तापमान सुरक्षित मानक (डेढ़ डिग्री) से अधिक 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्ष 1850 में तापमान दर्ज शुरु होने के बाद 2024 सबसे गर्म साल रहा। क्या यह संकट प्राकृतिक है या फिर मानव जनित'?

यह ठीक है कि दुनिया के सामने जलवायु का संकट है और विश्व को नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने की जरुरत है। परंतु इसे अक्सर वैश्विक जलवायुविदों द्वारा अतिरंजित तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

वास्तव में, इस समूह की स्थिति भेडिय़ा आया, भेडिय़ा आया' कहानी के उस मुख्य पात्र चरवाहे जैसी हो गई है, जिसका अंत में हश्र क्या हुआ था, उसके बारे में सुधी पाठक अवश्य जानते होंगे।

जैसे ही कोपरनिकस रिपोर्ट सामने आई, एकाएक स्वयंभू जलवायुविदों ने ग्लोबल वार्मिंग' को नियंत्रित करने हेतु तुरंत कदम उठाने पर जोर देना शुरू कर दिया।

ये वही कुनबा है, जिसने नैरेटिव बनाया था कि दुनिया का औसत तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस से ऊपर होने पर समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा, हिमनद-अंटार्कटिका पिघल जाएंगे, नदियों सूख जाएंगी और बेतहाशा गर्मी पड़ेगी।

परंतु विश्वभर में कुछ प्राकृतिक आपदाओं को छोड़कर ऐसा नहीं हुआ। दुनिया से हजारों वर्ष पहले डायनासोर और कई प्रकार जीवाश्म विलुप्त हो चुके है। यहां तक वर्तमान हिमालय पर्वत भी भारतीय और यूरेशियाई प्लेटों के टकराव से बना है।

भारत में प्राचीन सरस्वती नदी भी सूख चुकी है। ऐसे ढेरों उदाहरण है। क्या इन सबके लिए भी मानव सभ्यता को ही दोषी ठहराया जाएगा?

कोपरनिकस संस्था की हालिया घोषणा को स्वघोषित पर्यावरणविदों ने अमेरिका स्थित लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी भीषण आग से भी जोडऩे का प्रयास किया था।

सच तो यह है कि बढ़ती आबादी के कारण लोगों का तूफान, बाढ़ और भूकंप प्रभावित आपदा क्षेत्रों में बसने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती है।

डेनमार्क सरकार के पर्यावरण मूल्यांकन संस्थान के पूर्व निदेशक और द स्केप्टिकल एनवायरमेंटलिस्ट' के लेखक ब्योर्न लोम्बोर्ग का कहना है कि मीडिया अधिक से अधिक दर्शकों को आकर्षित करने के लिए प्राकृतिक आपदाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करती हैं

लोम्बोर्ग के पास सैटेलाइट डेटा है, जो दिखाता है कि अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में आग की घटनाओं के बावजूद 2000-23 के बीच जंगल की आग से नष्ट हुए वैश्विक क्षेत्र का प्रतिशत लगातार कम हुआ है।

वर्ष 2000-03 और 2016-19 के बीच गर्म हवाओं से एक लाख 16 हजार लोगों की अतिरिक्त मौतें हुईं थी, जबकि शीतलहर से होने वाली मौतें बहुत तेजी से गिरावट आई है।

ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सर्दियों का असर कम हो रहा है। एक आंकड़े के अनुसार, वर्ष 1980 से अबतक जलवायु संबंधित मौतें आधी हो चुकी हैं।

विलियम नॉर्डहॉस ने वर्ष 2018 में जलवायु परिवर्तन पर अपने शोध के लिए नोबेल पुरस्कार जीता था। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि 3 डिग्री तापमान बढने़ से वैश्विक आर्थिकी लगभग दो प्रतिशत का नुकसान होगा और इसी तरह छह डिग्री वृद्धि से दुनिया की अर्थव्यवस्था में 8.5 प्रतिशत घट जाएगी।

नॉर्डहॉस के इसी शोधपत्र को आधार बनाते हुए लोम्बोर्ग इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन के बिना दुनिया 4.5 गुना, तो इसके असर के साथ 4.3 गुना प्रगति करेगी।

क्या यह सच नहीं है कि लगातार तापमान बढने़ के बावजूद दुनिया पहले से अधिक अच्छी स्थिति में है और लोगों का जीवनस्तर सुधर रहा है?

विश्व बैंक का अनुमान है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में ढाई फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है, जो इस वर्ष 2.7 प्रतिशत रह सकता है।

इस दौरान महंगाई दर 3.5 प्रतिशत से घटकर 2.9 प्रतिशत हो सकती है। औसत जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। वैश्विक अनाज भंडार भरे हुए हैं।

भारत चावल निर्यात से सभी प्रतिबंध हटा चुका हैं, क्योंकि इसके उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है। निसंदेह, वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद आर्थिक वृद्धि धीमी हुई है।

परंतु इसका मुख्य कारण जलवायु नहीं, बल्कि अमेरिका-पश्चिम प्रेरित आर्थिक मॉडल और कई देशों का कर्ज के मकडज़ाल में फंसना हैं।सच तो यह है कि प्रकृति के अपने नियम होते है। समय बीतने के साथ इसमें स्वाभाविक बदलाव आता है। इन परिवर्तनों के कारण ही नए का जन्म होता है और पुराना नष्ट हो जाता है।

वर्तमान समय में जलवायु संकट पर अतिरंजित कोलाहल का एक बड़ा उद्देश्य दुनिया में भारत जैसे विकासशील देशों की विकास यात्रा को कुंद करना भी है।परंतु इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि हम जलवायु संकटों की अवहेलना कर दें। अक्सर, मानवीय जीवनशैली को पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन के लिए दोषी' ठहराया जाता है। इसका उपाय क्या है?

# राष्ट्रीय समाचार



बुधवार,05 फरवरी 2025,नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5


## भूटान नरेश ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी, सीएम योगी रहे मौजूद

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव भी मौजूद रहे।

सभी अतिथियों ने गंगा पूजन भी किया।

लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी और भूटान नरेश एक साथ प्रयागराज पहुंचे। हवाई अड्डे से दोनों सड़क मार्ग से संगम तट पहुंचे। अरैल घाट से बोट में सवार होकर संगम गए और स्नान किया।

इस दौरान भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी ने पक्षियों को दाना भी खिलाया। उनका लेटे हनुमान मंदिर और अक्षयवट जाने का भी कार्यक्रम है जहां वे दर्शन-पूजन करेंगे।

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया।

एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसला अफजाई की।

# राहुल गांधी कर रहे जनादेश का अपमान, मांगें माफी : देवेंद्र फडणवीस



मुंबई (आरएनएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन कमीशन के डेटा पर सवाल खड़े किए। इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आत्मचिंतन करने की सलाह देते हुए उनसे माफी की मांग की है।

फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधी महाराष्ट्र का अपमान करने के बजाय आत्मचिंतन करें। आपने छत्रपति शिवाजी महाराज, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा फुले और वीर सावरकर की भूमि महाराष्ट्र के लोगों का अपमान किया है। आपने महाराष्ट्र के लोगों द्वारा एनडीए को दिए गए लोकतांत्रिक जनादेश पर सिर्फ इसलिए सवाल उठाया है, क्योंकि आपकी पार्टी विधानसभा चुनाव हार गई थी।

फडणवीस ने पोस्ट में आगे लिखा, आत्मनिरीक्षण करने के बजाय आप बदनामी में लगे हुए हैं। महाराष्ट्र के लोग इसके लिए आपको माफ नहीं करेंगे। राहुल गांधी माफी मांगें।

वहीं राहुल गांधी के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि संसद ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने को लेकर कानून बनाया है। मुझे लगता है कि उन्होंने जो बयान दिया है, वह अज्ञानता के कारण दिया है, क्योंकि उन्होंने कानून को नहीं पढ़ा है। कानून में सभी प्रावधान है। आपको लगता है कि यह गलत है, तो आप आपत्ति कर सकते हैं। यहां सवाल उठाना यह दर्शाता है कि उन्हें कानून की जानकारी नहीं है।

दरअसल कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा, मैं इस सदन के ध्यान में महाराष्ट्र चुनावों के बारे में कुछ आंकड़ों और जानकारी को लाना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच करीब 70 लाख नए मतदाता अचानक आ गए। हम चुनाव आयोग से कह रहे हैं कि कृपया हमें लोकसभा और विधानसभा चुनाव के सभी मतदाताओं के नाम, पते और मतदान केंद्रों की जानकारी दें, ताकि हम गणना कर सकें कि ये नए मतदाता कौन हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि चुनाव आयोग हमें यह जानकारी देगा।

## बिहार के जमुई में बालू लदे वाहन की टक्कर से स्कॉर्पियो सवार तीन लोगों की मौत, तीन अन्य घायल

जमुई (आरएनएस)। बिहार के जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक स्कॉर्पियो और बालू लदे वाहन की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्कॉर्पियो पर सवार सभी लोग एक तिलक समारोह से लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, नवादा जिले के रोह थाना अंतर्गत कुंज गांव से एक स्कॉर्पियो पर छह लोग सवार होकर लखीसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत अरमा गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। वापस लौटते समय जमुई से शेखपुरा की ओर तेज गति में बालू लेकर जा रही हाइवा ट्रक ने स्कॉर्पियो को बगल से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिकंदरा चौक के समीप मिडिल स्कूल के गेट को तोड़ते हुए स्कॉर्पियो स्कूल के कैंपस तक जा गिरी।

## महाकुंभ में मारे गए लोगों के आंकड़े दें, बुलाएं सर्वदलीय बैठक : संसद में बोले अखिलेश यादव

नई दिल्ली (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद में महाकुंभ में हुई भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों की संख्या को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने सरकार से इस मामले में सटीक आंकड़े पेश करने और सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।अखिलेश यादव ने सदन में कहा, महाकुंभ में हुई अव्यवस्थाओं और हादसों में कितने लोग मारे गए, सरकार को इसका सही-सही आंकड़ा पेश करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और अव्यवस्थाओं के कारण कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली गई।समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा, सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है, लेकिन कृपया महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी दे। मेरी मांग है कि महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। महाकुंभ आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। महाकुंभ दुर्घटना में हुई मौतों, घायलों के इलाज, दवाइयों, डॉक्टरों, भोजन, पानी, परिवहन की उपलब्धता के आंकड़े संसद में पेश किए जाएं।




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के संवाद हॉल में नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए। साथ में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव : आचार संहिता उल्लंघन में आतिशी समेत कई लोगों पर दर्ज हुई एफआईआर



नई दिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले कालका जी विधानसभा क्षेत्र में बीती देर रात तक हंगामा हुआ। राजनीतिक पार्टियों ने एक-दूसरे पर मारपीट और कैश बांटने के आरोप लगाए हैं। इस हंगामे के बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी गोविंदपुरी थाने पहुंचीं और पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर दिल्ली के झुग्गी बस्तियों के लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है।

आतिशी का आरोप है कि उनकी शिकायत देने के बाद उल्टा पुलिस ने उनके और आप कार्यकर्ताओं के खिलाफ ही दो मामले दर्ज कर दिए। पुलिस के मुताबिक, दोनों ही मामले सरकारी काम में बाधा डालने और आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली चुनाव के प्रचार का समय कल समाप्त हो गया था, लेकिन देर रात तक अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ता कई जगहों पर प्रचार करते हुए देखे गए, जिससे कई जगहों पर हंगामा हुआ। सबसे ज्यादा हंगामा कालका जी में हुआ, जहां मुख्यमंत्री आतिशी की सीट है। इस घटना के बाद गोविंदपुरी पुलिस स्टेशन में पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के तहत आतिशी और उनके समर्थकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

दिल्ली पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन के पहले मामले में आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आतिशी 10 गाड़ियों और 50-60 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पर पहुंची थीं। जब पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए वहां से जाने का आदेश दिया, तो उन्होंने इसे मना कर दिया। चुनाव आयोग की शिकायत पर उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया।

दूसरे मामले में, आतिशी के समर्थकों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और पुलिस पर हमले का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में भी केस दर्ज किया है। वहीं, भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के भतीजे मनीष बिधूड़ी के खिलाफ रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एक गाड़ी में संदिग्ध सामान होने की सूचना मिली थी, लेकिन जांच में कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

पुलिस के मुताबिक 4 फरवरी को रात 12:30 बजे कालका जी (एसी-51) से आप उम्मीदवार आतिशी और उनके 50-70 समर्थकों के साथ फतेह सिंह मार्ग पर पाए गए।

### विश्व कैंसर दिवस :


## ताहिरा कश्यप, इमरान हाशमी ने की प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सराहना

मुंबई (आरएनएस)। दुनियाभर में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है। फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप और अभिनेता इमरान हाशमी ने कैंसर और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के विषय में न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात की। सितारों ने योजना को निर्धन पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण बताया।

ब्रेस्ट कैंसर से जंग लड़कर जीत हासिल करने वाली फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की भी सराहना की। उन्होंने कहा, विश्व कैंसर दिवस पर मैं आयुष्मान भारत और पीएम-जेएवाई योजना की तारीफ करती हूं। यह उन लोगों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो गरीब परिवार से आते हैं। कैंसर का इलाज एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपकी ईमानदारी, ताकत और धैर्य की परीक्षा लेती है। कैंसर का पता चलते ही उसका इलाज ही मरीजों का सहारा होता है।

## उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में लागू होगा यूसीसी? सीएम भूपेंद्र पटेल कर सकते हैं बड़ा ऐलान

अहमदाबाद ,(आरएनएस)। उत्तराखंड के बाद अब एक और भाजपा शासित राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, गुजरात सरकार समान नागरिक संहिता को लागू करने को लेकर मंगलवार को घोषणा कर सकती है।



सूत्रों ने बताया कि गुजरात सरकार आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यूसीसी समिति के बारे में घोषणा कर सकती है। इस समिति में तीन से पांच लोग हो सकते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी दोपहर 12=15 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूसीसी को लेकर ऐलान करेंगे।गुजरात में वर्तमान में भाजपा की सरकार है, इसे भाजपा का गढ़ भी माना जाता है। पिछले 30 सालों से यहां की सत्ता पर भाजपा काबिज है। गुजरात में 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने यूसीसी को लेकर अपने इरादों को जाहिर किया था।

बता दें कि उत्तराखंड में 27 जनवरी को यूसीसी लागू किया गया था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी (समान नागरिक संहिता) पोर्टल और नियम को लॉन्च किया। उन्होंने बताया था कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू करके हम संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी के लिए काफी बातों पर विचार-विमर्श किया। यूसीसी में अनुसूचित जनजातियों को छूट दी गई है। इसके अनुसार, यूसीसी उत्तराखंड और उससे बाहर रहने वाले राज्यों के निवासियों पर लागू होगा। हालांकि, अनुसूचित जनजातियों को छूट दी गई है।

## दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता ने पति पर नग्न कर पीटने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया, आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर, (आरएनएस)। अमृतसर- मोहकमपुरा थाना क्षेत्र के धर्मपुरा इलाके में एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज की मांग पूरी न करने के कारण न केवल शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया, बल्कि उसने यह भी कहा कि उसे नग्न कर पीटा गया और गला दबाने की कोशिश की गई। पीड़िता ने दावा किया कि उसके पति ने बार-बार दहेज की मांग की, और जब यह पूरी नहीं हो पाई तो उसने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

विवाहिता ने बताया कि शादी के आठ महीने बाद उसके पति ने दहेज के लिए उसे पीटना शुरू किया। जब उसने अपने पिता से मदद की गुहार लगाई और उन्हें समझाने के लिए भेजा, तब भी उसका शोषण जारी रहा। कई बार उसके परिवार ने पति को समझाने की कोशिश की, लेकिन इसके बाद भी उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न नहीं थमा। शाम को जब उसका पति घर लौटा, तो उसने फिर से उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता के अनुसार, इस दौरान उसे पूरी तरह नग्न कर दिया गया। जब उसने मदद के लिए चिल्लाया, तो इलाके के लोग इकट्ठा हो गए और उसे बचाया। फिर उन्होंने पुलिस को सूचित किया, और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने घटना के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरे पति और नाना ने मुझे इस हद तक पीटा कि मेरी जान को भी खतरा था। अब मैं चाहती हूं कि इन दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मोहकमपुरा थाना के पुलिस प्रभारी सुमित सिंह औलख ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया, हमें सपना नामक महिला की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर हमने उसके पति राज को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह मामला समाज में व्याप्त दहेज प्रथा और महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर करता है। यह घटना दहेज से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक गंभीर संदेश देती है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# भारतीय रेलवे ने लॉन्च किया नया ऐप स्वरेल, प्लेटफॉर्म टिकट से लेकर रिजर्वेशन तक सबकुछ मिलेगा

नई दिल्ली (आरएनएस)। रेल मंत्रालय की तरफ से एक नया सुपर ऐप लॉन्च कर दिया है, जिसका नाम SwaRail है। पैसेंजर्स को इस ऐप पर रेलवे की सभी सर्विस का एक्सेस मिलेगा। भारतीय रेल के इस न्यू सुपर ऐप को Centre for Railway Information Systems (CRIS) ने डेवलप किया है। रेलवे का यह सुपर ऐप सभी सर्विस को देने का काम करेगा, जो अभी अलग-अलग ऐप से मिल रही हैं। इसकी मदद से रिजर्वेशन और अनरिजर्व्ड टिकट की बुकिंग कर सकेंगे। यहां से प्लेटफॉर्म टिकट, पार्सल बुकिंग और क्क्रक्र की भी जानकारी ले सकेंगे। Indian Railways launches super app SwaRail, everything will be available from platform ticket to reservation = रेलवे के इस न्यू सुपर ऐप के तहत यूजर्स को ट्रैवल असिस्टेंट फीचर भी मिलेगा, जिसमें सिंगल साइन-ऑन, ऑनबोर्डिंग और रेलवे पैसेंजर्स को कई तरह की सुविधाएं देखने को मिलेंगी। यहां यूजर्स को अलग-अलग ऐप के लिए अलग-अलग लॉगइन आईडी और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी। सिंपल साइन इन की मदद से पैसेंजर्स आसानी से लॉगइन कर सकेंगे। नए यूजर्स को शुरुआत में कुछ जरूरी डिटेल्स एंटर करनी होंगी। रेलवे के इस सुपर को अगर आप भी डाउनलोड करने का मन बना रहे हैं, आपको बता देते हैं कि यह अभी बीटा टेस्टिंग में है।




अयोध्या के मिल्कीपुर में दलित महिला की हत्या के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पर प्रदर्शन किया।

# किसानों की आय बढ़ाना पीएम मोदी की प्राथमिकता : शिवराज सिंह चौहान



नई दिल्ली , (आरएनएस)। संसद के बजट सत्र की कार्यवाही चौथे दिन भी जारी है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान नारियल के उत्पादन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीति के कारण नारियल के उत्पादन में आज भारत नंबर एक बना है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में कहा, मैं सांसद पार्थ सारथी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने नारियल से संबंधित प्रश्न पूछा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाना है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि आज भारत नारियल उत्पादन में पीएम मोदी की नीति के कारण दुनिया में नंबर एक बना है।उन्होंने कहा, मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि 2014-15 में नारियल का उत्पादन 140 लाख मीट्रिक टन था, जो अब 153.29 लाख मीट्रिक टन हो गया है। विश्व में हमारी उत्पादकता सबसे अधिक है। आंध्र प्रदेश में भी नारियल का उत्पादन होता है। इसे बढ़ाने की नीति के कारण आंध्र प्रदेश में उत्पादकता 11 मीट्रिक टन है। पिछले दिनों अनेक बीमारियों की शिकायत आई थी। नारियल विकास बोर्ड ने इसको नियंत्रित करने के लिए विभिन्न केंद्रीय संस्थान और अन्य संस्थानों के माध्यम से प्रबंधन के लिए आठ परियोजनाएं अनुमोदित की हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, नारियल में होने वाली अलग-अलग प्रकार की बीमारियों से निपटने के लिए आईसीएआर ने अनेक उपाय किए हैं। नई फसलें विकसित करने के साथ सहायता राशि भी उपलब्ध कराई गई है।साथ ही उन्होंने फसल बीमा योजना का जिक्र करते हुए कहा, फसल बीमा योजना में किसानों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। इस बार किसानों के 14 करोड़ आवेदन आए हैं, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। सरकार खुले मन से प्रयत्न करेगी कि किसानों को अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके।

## मोक्ष की तलाश: पाकिस्तान से 400 हिंदुओं की अस्थियां लाई गई भारत, गंगा विसर्जन की आस

नई दिल्ली (आरएनएस)। पड़ोसी देश पाकिस्तान से करीब 400 हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। जो लोग इन अस्थियों को भारत लाए हैं वे चाहते हैं कि इन अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में गंगा नदी में किया जाए। यह तीसरी बार है जब विभाजन के बाद पाकिस्तान से हिंदुओं की अस्थियां भारत लाई गई हैं। पहले 2011 और 2016 में भी अस्थियां लाई जा चुकी हैं।महाकुंभ योग के दौरान भारत सरकार ने इन अस्थियों को भारत लाने के लिए वीजा जारी किया। रविवार (2 फरवरी) को कराची के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई, जहां मृतकों के परिजनों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और विधिपूर्वक अंतिम विदाई दी। यह पहला अवसर नहीं है जब पाकिस्तान से हिंदू अस्थियां भारत भेजी गई हैं, लेकिन इस बार संख्या सबसे ज्यादा हैं।

# डेलबर आर्या ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा जताई

***अभिनेत्री डेलबर आर्या, जो पंजाबी फिल्मों और कई बॉलीवुड म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, अब बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देख रही हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी इस इच्छा को जाहिर किया और एक नए प्रोजेक्ट को लेकर संकेत भी दिया।***



अपनी बेहतरीन प्रतिभा, कड़ी मेहनत और विश्वास की ताकत से डेलबार आर्या निश्चित रूप से एक उभरती हुई स्टार हैं। डेलबरआर्या ने कहा, मैं हमेशा से शाहरुख खान की प्रशंसा करती आई हूँ, न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि उनकी शानदार जर्नी के लिए भी, जो उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं हमेशा से बड़े सपने देखती हूँ और मुझे अपने लक्ष्यों को पाने की शक्ति पर विश्वास है।

शाहरुख खान के साथ काम करना मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिशों में से एक है। उनकी पर्सनालिटी, प्रोफेशनलिज्म और लोगों से जुड़ने की क्षमता उन्हें एक ड्रीम को-स्टार बनाती है। मैं सच में उनकी उस मशहूर लाइन पर विश्वास करती हूँ - अगर किसी चीज़ को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है।

और मैं महसूस कर सकती हूँ कि यह जल्द ही सच होने वाला है। डेलबर आर्या के इस बयान ने उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर यह प्रोजेक्ट सच होता है, तो यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम होगा। डेलबर अपने सपनों को पूरा करने और सीमाओं को पार करने में विश्वास रखती हैं, और उनके फैंस इस संभावित कोलैबोरेशन की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

यह सिर्फ एक ख्वाहिश है या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट की झलक, यह तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन इतना तो तय है कि डेलबर की मेहनत और शाहरुख खान का जादू मिलकर एक यादगार सिनेमा अनुभव बना सकते हैं। जहाँ फैंस इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं, वहीं डेलबर आर्या का भविष्य काफी रोमांचक नजर आ रहा है।

काम की बात करें तो डेलबर जल्द ही पंजाबी फिल्म मधाणिया में नजर आएंगी। अपने हर किरदार को वास्तविकता और आकर्षण से भरने की कला के लिए पहचानी जाने वाली डेलबर इस फिल्म में अपनी एक्टिंग की एक नई झलक दिखाने वाली हैं।

## स्टाइलिश साड़ी पहन कनिका मान ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस के उड़े होश



टीवी की खूबसूरत एक्ट्रेस कनिका मान आए दिन अपनी लेटेस्ट स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।कनिका मान टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक अंदाज इंडस्ट्री पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं।इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं।लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश रिवीलिंग लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।खुले बालों को स्टाइलिश लुक देकर, माथे पर बिंदी और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस कनिका मान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।कनिका मान इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस कनिका मान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

## लूसिफर की हुई वापसी, मोहनलाल की एल 2 एम्पुरान का टीजर रिलीज

मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' का टीजर रिलीज हो चुका है। कोच्चि में ममूटी और मोहनलाल ने मिलकर इसका टीजर रिलीज किया। यह मोहनलाल की साल 2019 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लूसिफर' का सीक्वल है। इस फिल्म में भी मोहनलाल लूसिफर के किरदार में वापसी कर रहे हैं। 'लूसिफर' अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी।

फिल्म का दो मिनट 23 सेकंड का टीजर रिलीज किया गया। टीजर के बैकग्राउंड में 'जंग बुराई और बुराई के बीच है..' सुनाई देता है, जो फिल्म में अभिनेता के किरदार लुसिफर के बारे में बताता है। मोहनलाल अपने पुराने किरदार में ही नजर आएंगे, लेकिन इस बार वह और खतरनाक रूप में नजर आएंगे।

मोहनलाल की फिल्म ने रिलीज से पहले ही कुछ अलग किया है। यह देश में पहली बार हो रहा है कि यूट्यूब पर किसी फिल्म का टीजर दर्शक अपनी भाषा में चुन कर एक ही लिंक पर देख सकते हैं। यूट्यूब की इस तकनीक का इस्तेमाल करने वाला यह पहला टीजर है।

फिल्म के टीजर के साथ इसका पोस्टर भी जारी किया गया। मोहनलाल की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को 27 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### बॉक्स ऑफिस पर देवा की कमाई में मामूली बढ़त, 20 करोड़ से रह गई इंचभर दूर


अभिनेता शाहिद कपूर काफी समय से फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते शुक्रवार यानी 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

इस फिल्म को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित दिख रहे थे, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू चलाने में नाकाम रही।

अब देवा की कमाई के तीसरे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवा ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 7.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 19.05 करोड़ रुपये हो गया है।देवा ने 5.5 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 6.4 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

## बॉक्स ऑफिसः अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की पकड़ बरकरार, फिल्म ने दूसरे वीकेंड पर भी दिखाया दम

अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान स्टारर देशभक्ति फिल्म 'स्काई फोर्स' गणतंत्र दिवस से पहले 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और ये बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है और अब दूसरे वीकेंड़ पर भी 'स्काई फोर्स' ने अच्छी कमाई कर ली है. चलिए यहां जानते हैं अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी की 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?




'स्काई फोर्स' 1965 में सरगोधा में पाकिस्तानी एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर आधारित है. इस फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है और इस के साथ 'स्काई फोर्स' करोड़ों में कमाई कर रही है. गौरतलब है कि इस मूवी को सिनेमाघरों में अब शाहिद कपूर की नई रिलीज फिल्म देवा से भी टक्कर मिल रही है लेकिन 'स्काई फोर्स' मजबूती के साथ आगे बढ़ती नजर आ रही है. मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक ये फिल्म पहले हफ्ते में ही 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी और दूसरे वीकेंड़ भी भी इसने अच्छा बिजनेस किया है. फिल्म की अब तक की कमाई की बात करें तो मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक

'स्काई फोर्स' ने 15.30 करोड़ के कलेक्शन के साथ खाता खोला था. इस फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई 99.7 करोड़ रुपये रही. वहीं 8वें दिन 'स्काई फोर्स' ने 4.6 करोड़ का कलेक्शन किया और 9वें दिन 7.4 करोड़ कमाए. मेकर्स के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 9 दिनों का कलेक्शन 111.7 करोड़ रुपये हो चुका है. वहीं सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड के मुताबिक 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के दूसरे संडे यानी 10वें दिन 5.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'स्काई फोर्स' की 10 दिनों की कुल कमाई अब 116.32 करोड़ रुपये हो गई है.

'स्काई फोर्स' बॉक्स ऑफिस पर दमदार परफॉर्म कर रही है. ये फिल्म 160 करोड़ के बजट में बनी और रिलीज के 10 दिनों में इसने अपनी आधी लागत से ज्यादा कमाई कर ली है. फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार को देखते हुए 'स्काई फोर्स' के जल्द ही अपना बजट वसूलने की उम्मीद लग रही है. दरअसल जोरदार बज और सॉलिड रिव्यू ने 'स्काई फोर्स' की परफॉर्मेंस को इम्प्रेसिव बनाया है. हालांकि अब देखने वाली बात होगी की दूसरे मंडे को 'स्काई फोर्स' कितनी कमाई कर पाती है.

### द दिल्ली फाइल्स का टीजर आउट, मिथुन चक्रवर्ती ने अपने हैरतअंगेज अवतार से उड़ाए होश

निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्सः द बंगाल चैप्टर' का टीजर जारी कर दिया है।

बंगाल त्रासदी पर बनी फिल्म के टीजर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अग्निहोत्री ने इसे संविधान का सम्मान बताया।

सोशल मीडिया पर सक्रिय विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 'द दिल्ली फाइल्स' के टीजर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, प्रस्तुत है 'द दिल्ली फाइल्सः द बंगाल चैप्टर' के निर्माताओं की ओर से भारत के संविधान को सम्मान।

इस स्वतंत्रता दिवस पर एक महाकाव्य अनकही कहानी का गवाह बनें। दुनिया भर में रिलीज होगी।

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में तैयार 'द दिल्ली फाइल्सः बंगाल चैप्टर' के दो मिनट 21 सेकंड के टीजर वीडियो में मिथुन चक्रवर्ती अपनी जली हुई जीभ से संवाद सुनाते दिखाई दिए। संवेदनशील मुद्दे पर बनी 'द दिल्ली फाइल्स' में दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक दमदार है। बंगाल की त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी फिल्म के टीजर में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक खाली गलियारे में धीरे-धीरे चलते और जली हुई जीभ से भारत के संविधान को सुनाते नजर आए। मिथुन सफेद दाढ़ी और कांपती आवाज के साथ संविधान का पाठ करते दिखे।

## महिलाओं के बीच फिर से प्रचिलित हो रही है स्किनी जींस, जानिए स्टाइल करने के तरीके



पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच वाइड लेग जींस और बेल बॉटम जैसी पैंट का चलन है।

इस दौरान महिलाएं स्किनी जींस पहनना नहीं पसंद करती थीं और यह परिधान फैशन से बाहर हो गया था। हालांकि, इस साल यह परिधान एक बार फिर चलन में आ रहा है।

आज के फैशन टिप्स में हम आपको स्किनी जींस स्टाइल करने के 4 तरीके बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश लगेंगी।

### ब्लेजर और बूट के साथ पहनें

इस साल महिलाएं एक औपचारिक लुक पाने के लिए स्किनी जींस का चुनाव कर सकती हैं।

इस परिधान को स्टाइल करने के लिए सबसे पहले एक हाई नेक टॉप या स्वेटर पहनें। अब इसके ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर लेयर करें और पैरों में बूट पहनें।

आपको ऐसे बूट चुनने चाहिए, जो लंबे हों और जिनमें पेंसिल हील लगी हों। अपनी जींस को बूट के अंदर टक करें और बालों में स्लीक पोनी बना लें।

### ढीली शर्ट के साथ स्टाइल करें

अगर आप दिन के समय घूमने जा रही हैं तो आप स्किनी जींस के साथ शर्ट पहन सकती हैं। आप सफेद, हरे, गुलाबी, काले जैसे पसंदीदा रंग की शर्ट चुन सकती हैं।

शर्ट को पूरी तरह जींस में टक करें या आधे हिस्से को टक करके आधा बाहर ही रहने दें। इसके साथ हील वाली सैंडल पहनें और एक सुंदर-सा स्लिंग बैग स्टाइल करें।

इस लुक के साथ आप बालों को खुला रख सकती हैं या जूड़ा बना सकती हैं।

### हॉल्टर नेक टॉप के साथ लगेंगी शानदार

स्किनी जींस के साथ हॉल्टर नेक वाला टॉप भी बेहद शानदार लगता है। हॉल्टर टॉप एक प्रकार का स्लीवलेस टॉप होता है, जिसकी पट्टियां गले के पास बंधी होती हैं।

स्किनी जींस के साथ पहनने के लिए ऐसा हॉल्टर टॉप चुनें, जो हल्का क्रॉप हो और जिसकी फिटिंग अच्छी हो।

अपने लुक को पूरा करने के लिए कानों में हूप इयररिंग, आखों में धूप का चश्मा, पैरों में पेंसिल हील सैंडल और कलाई में घड़ी पहनें।

### स्वेटर के साथ भी लगेंगी सुंदर

अगर आप अपने लुक को एफर्टलेस रखना चाहती हैं तो स्किनी जींस और स्वेटर का चुनाव करें। हल्का ढीला स्वेटर चुनें और उसके साथ नीले या काले रंग की स्किनी जींस पहनें।

अपने स्वेटर को आगे से जींस में टक करें और पीछे की ओर से बाहर ही रहने दें। ऐसा करने से आप पतली और लंबी नजर आएंगी।

इसके साथ एक सुंदर-सा लॉकेट पहनें, टोट बैग टांगें और स्नीकर्स स्टाइल करें।

## अपने वर्कआउट रुटीन में शामिल करें त्रिकोणासन, जानिए इसका अभ्यास और अन्य जरुरी बातें



त्रिकोणासन योग का एक अहम आसन है, जो शरीर की स्थिरता और संतुलन को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

यह आसन न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

इस लेख में हम त्रिकोणासन के विभिन्न रूपों पर चर्चा करेंगे, जो शरीर की स्थिरता को और भी मजबूत बना सकते हैं। इन रूपों को अपनाकर आप अपने योग अभ्यास को और प्रभावी बना सकते हैं।

### त्रिकोणासन करने का तरीका

सबसे पहले सीधे खड़े होकर पैरों को 3-4 फीट की दूरी पर फैलाएं, फिर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर घुमाएं।

बाहों को कंधे के स्तर पर उठाएं, हथेलियां नीचे की ओर रखें। धीरे-धीरे दाहिनी ओर झुकें, दाहिने हाथ से जमीन या टखने को छूने का प्रयास करें, जबकि बायां हाथ सीधा ऊपर रहे।

सिर बाईं तरफ घुमाकर ऊपर देखें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर सामान्य हो आएं।

नियमित त्रिकोणासन करने से मिलने वाले फायदे

त्रिकोणासन नियमित रूप से करने से शरीर में लचीलापन आता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है।

यह आसन रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है।

इसके अलावा यह पेट के अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर होता है।

मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए भी यह आसन उपयोगी माना जाता है क्योंकि इससे ध्यान केंद्रित होता है और तनाव कम होता है।

त्रिकोणासन करते समय सावधानियां बरतें

त्रिकोणासन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि किसी प्रकार की चोट या परेशानी न हो।

अगर आपको गर्दन या पीठ में कोई समस्या हो तो इस आसन को करते समय विशेष सावधानी बरतें या विशेषज्ञ से सलाह लें।

गर्भवती महिलाओं या हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को इसे करने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके पैर सही तरीके से स्थित हों ताकि संतुलन बना रहे।

### अन्य योगासनों के साथ त्रिकोणासन आजमाएं

त्रिकोणासन का अभ्यास अन्य योगासनों जैसे वीरभद्रासन या पर्वतासन के साथ किया जा सकता है ताकि शरीर का संतुलन बेहतर हो सके और लचीलापन बढ़े।इन आसनों का संयोजन आपके योग सत्र को अधिक प्रभावशाली बनाता है क्योंकि ये सभी मिलकर पूरे शरीर पर काम करते हैं, जिससे मांसपेशियों में मजबूती आती हैं और मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

# 60 फिलिस्तीनी कैदियों को भेजा जाएगा तुर्किये, कतर, मलेशिया और पाकिस्तान



रामल्लाह (आरएनएस)। इजरायल-हमास के बीच युद्धविराम के समझौते बाद इजरायली बंधकों की रिहाई का सिलसिला जारी है। इस बीच एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने फिलिस्तीनी कैदियों के बारे में जानकारी दी है। फिलिस्तीनी अधिकारी ने बताया कि युद्ध विराम समझौते के तहत इजरायल द्वारा रिहा किए गए और वर्तमान में मिस्र में मौजूद 60 फिलिस्तीनी कैदियों को तुर्किये, कतर, मलेशिया और पाकिस्तान भेजा जाएगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फिलिस्तीनी कैदी क्लब के प्रमुख अब्दुल्ला जगारी ने कहा कि चारों देशों में से प्रत्येक देश 15 फिलिस्तीनी कैदियों को आश्रय देगा। उन्होंने यह भी बताया कि मिस्र की नई प्रशासनिक राजधानी के एक होटल में वर्तमान में 70 फिलिस्तीनी कैदी रुके हुए हैं।

अब्दुल्ला जगारी ने बताया कि अन्य देशों के साथ बातचीत जारी है, ताकि बचे हुए कैदियों के लिए आश्रय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा भविष्य में रिहा होने वाले कुछ कैदियों को लेकर काहिरा के साथ भी बातचीत चल रही है।

मिस्र, कतर और अमेरिका ने मध्यस्थ के रूप में काम करते हुए 15 जनवरी को एक संयुक्त बयान में घोषणा की थी कि हमास और इजरायल एक युद्धविराम समझौते पर पहुंच गए हैं। इसके तहत कैदियों और बंधकों की अदला-बदली की जाएगी, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच निरंतर शांति और स्थायी युद्ध विराम है।

19 जनवरी को युद्ध विराम लागू होने के बाद से हमास ने इजरायल द्वारा अपनी जेलों से सैकड़ों फिलिस्तीनियों को रिहा करने के बदले में 18 बंधकों को रिहा किया है। टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने मांग की है कि सबसे गंभीर अपराधों के दोषी फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी या वेस्ट बैंक में नहीं छोड़ा जाए। मिस्र ने इन व्यक्तियों को अस्थायी रूप से रखने पर सहमति व्यक्त की।फिलिस्तीनी सूत्रों के अनुसार, इससे पहले शनिवार को इजरायल ने हमास के साथ चल रहे युद्ध विराम समझौते के तहत 183 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। फिलिस्तीनी कैदी क्लब के प्रमुख अब्दुल्ला जगारी ने सिन्हुआ को बताया कि इजरायली अधिकारियों ने रिहा किए गए कैदियों को रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति को सौंप दिया है। रिहा किए गए कैदियों में से 150 गाजा पट्टी से थे।

## *ग्रीस के सेंटोरिनी में भूकंप के कारण स्कूल बंद, उठाए गए एहतियाती कदम*

*एथेंस ,(आरएनएस)। ग्रीस के सेंटोरिनी द्वीप स्थित लोकप्रिय पर्यटन स्थल, एजियन सागर में स्थित स्कूल सोमवार को बंद कर दिए गए। फुटबॉल मैदानों पर टेंट लगा दिए गए हैं। अधिकारियों ने सप्ताहांत में आए भूकंपों के बाद ये एहतियाती कदम उठाए हैं।*



*एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के वैज्ञानिकों के अनुसार, शुक्रवार से अब तक सेंटोरिनी और अमोरगोस सहित आस-पास के द्वीपों में 300 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5 तक पहुंची है।*

*हालांकि, ग्रीस कई फॉल्ट लाइनों पर स्थित है और यहां प्रतिदिन भूकंप आते हैं, लेकिन 2012 के बाद से एजियन सागर के इस हिस्से में भूकंपीय गतिविधि में इतनी वृद्धि दर्ज नहीं की गई है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस समय, भूकंप के झटके कई महीनों तक चले, लेकिन इससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। सेंटोरिनी हेलेनिक ज्वालामुखी आर्क का हिस्सा है। इतिहासकारों के अनुसार, 3,600 साल पहले एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के कारण विनाशकारी सुनामी आई थी, जो क्रेते तक पहुंच गई थी। हालांकि, आधुनिक इतिहास में कोई भी बड़ी ज्वालामुखी आपदा दर्ज नहीं की गई है।स्थानीय वैज्ञानिकों ने मौजूदा भूकंपों के लिए ज्वालामुखीय गतिविधि के बजाय टेक्टोनिक गतिविधि को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रीस के भूकंप नियोजन और संरक्षण संगठन के अध्यक्ष और एथेंस के राष्ट्रीय और कापोडिस्ट्रियन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एफ़थिमियोस लेक्कास ने सोमवार को सेंटोरिनी से ग्रीक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एएमएनए को बताया कि मौजूदा भूकंपीय गतिविधि और हाल के महीनों में ज्वालामुखी क्षेत्र में देखी गई गतिविधि के बीच कोई संबंध नहीं है।*

## अमेरिका में ट्रंप ने अवैध प्रवासियों पर लिया एक्शन, भारत के लिए रवाना हुआ सी-17 सैन्य विमान

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। इसी के बाद अब अमेरिका में बसे भारतीय अवैध प्रवासियों को भारत डिपोर्ट करने के लिए अमेरिका से ष्ट-17 विमान रवाना हो गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने इमिग्रेशन एजेंडे को पूरा करने के लिए सेना की मदद ली है, जिसके तहत ही सैन्य एयरक्राफ्ट की मदद से लोगों को डिपोर्ट करने का काम शुरू किया जा चुका है।

न सिर्फ भारतीय प्रवासियों को अमेरिका डिपोर्ट कर रहा है बल्कि उसने मेक्सिको के अवैध प्रवासियों को निकालने के लिए भी अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर अतिरिक्त सैनिकों को भेजा है। अमेरिका के एक अधिकारी ने कहा, अमेरिका का एक सैन्य विमान ष्ट-17 भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए रवाना हो गया है। इसी के साथ पेंटागन ने एल पासो, टेक्सास और सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में अमेरिकी अधिकारियों द्वारा रखे गए 5,000 से अधिक अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के लिए फ्लाइट देना भी शुरू कर दिया है। अब तक, सैन्य विमान प्रवासियों को ग्वाटेमाला, पेरू और होंडुरास ले गए हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने के बाद अमेरिका में सबसे बड़ी अवैध प्रवासियों को देश से डिपोर्ट करने के लिए मुहिम शुरू कर दी है और अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है। ट्रंप के आदेश के बाद अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने देश से डिपोर्ट करने के लिए के लिए 1.5 मिलियन लोगों की लिस्ट बनाई है, जिसमें 18 हजार भारतीय भी शामिल हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, भारत से लगभग 725,000 अवैध अप्रवासी अमेरिका में रहते हैं, जो मेक्सिको और अल साल्वाडोर के बाद अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों की सबसे बड़ी आबादी है।

## अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में विस्फोट, एक की मौत, चार घायल

मॉस्को(आरएनएस)। मॉस्को में एक लग्जरी अपार्टमेंट ब्लॉक की लॉबी में बम विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। रूसी मीडिया के मुताबिक पूर्वी यूक्रेन के एक रूस समर्थक अर्धसैनिक नेता को निशाना बनाकर हमला किया गया।

बम विस्फोट उस समय हुआ जब एक शख्स अपने अंगरक्षकों के साथ क्रेमलिन से सिर्फ 12 किमी (7 मील) दूर मोस्कवा नदी के तट पर स्थित 'स्कार्लेट सेल्स' कॉम्प्लेक्स की लॉबी में दाखिल हुआ। सरकारी न्यूज एजेंसी तास ने, कानून प्रवर्तन सेवाओं का हवाला देते हुए कहा कि डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के बॉक्सिंग फेडरेशन के प्रमुख आर्मेन सरकिस्यान की हत्या का प्रयास आदेशित और योजनाबद्ध था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरकिस्यान पर यूक्रेन ने पूर्वी यूक्रेनी क्षेत्र डोनेट्स्क में रूस के युद्ध प्रयासों में मददग करने का आरोप लगाया।

# मेक्सिको को अपराधी बनाने की कोशिश कर रहा वाशिंगटन - लैटिन अमेरिकी ब्लॉक का ट्रंप प्रशासन पर निशाना

कराकास (आरएनएस)। लैटिन अमेरिकी ब्लॉक के सदस्य देशों ने टैरिफ मुद्दे पर मैक्सिको के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने अमेरिका के 'आरोप और हस्तक्षेप' को अस्वीकार किया।

बोलिवेरियन एलायंस फॉर द पीपल्स ऑफ अवर अमेरिका-पीपुल्स ट्रेड ट्रीटी (एएलबीए-टीसीपी) ने एक बयान में ट्रंप प्रशासन की तीखी आलोचना की।

बयान में कहा गया कि वाशिंगटन का आरोप कि राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के नेतृत्व वाली मेक्सिको की सरकार ड्रग कार्टेल के साथ सहयोग करती है, 'निराधार' हैं।

वेनेजुएला के काराकस स्थित ब्लॉक ने कहा, वे मेक्सिको को अपराधी बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हमारे क्षेत्र को प्रभावित करने वाली हिंसा और ड्रग्स तस्करी के संकट में अमेरिकी सरकार की ऐतिहासिक जिम्मेदारी को नजरअंदाज कर रहे हैं।



ब्लॉक ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका आपराधिक समूहों को उच्च शक्ति वाले हथियारों का मुख्य आपूर्तिकर्ता है। इसकी लापरवाह स्वास्थ्य नीतियों और दवा कंपनियों की गैरजिम्मेदारी के कारण हर साल हजारों लोगों की जान जा रही है।

ब्लॉक ने संगठित अपराध से निपटने के लिए मैक्सिकन सरकार के प्रयासों के साथ-साथ 'सुरक्षा और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता' के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।ब्लॉक ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का उल्लंघन करने वाले एकतरफा अधिरोपण और कार्य अस्वीकार्य हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि मेक्सिकन सरकार के आपराधिक संगठनों से संबंध हैं।इस दावे को शीनबाम ने खारिज कर दिया और मेक्सिकन सरकार के ड्रग्स तस्करी और अन्य अपराधों से निपटने कोशिशों पर प्रकाश डाला

ट्रंप ने मैक्सिकन आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की भी घोषणा की। शीनबाम ने पलटवार करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव और बढ़ गया।

## मेक्सिको के बाद अब कनाडा पर भी नरम पड़े ट्रंप, टैरिफ पर दी एक महीने की राहत

न्यूयॉर्क ,,(आरएनएस)।कनाडा के कार्यवाहक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत हुई। ट्रंप के टैरिफ वॉर की घोषणा के बाद दोनों नेताओं में यह पहली बातचीत थी। ट्रंप लगातार यूटर्न लेते दिख रहे हैं। दरअसल, शपथ लेने के बाद से अमेरिकी राट्रपति दूसरे देशों पर टैरिफ की बरसात कर रहे थे। लेकिन बीते दिन उन्होंने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से फोन पर बात कर टैरिफ को टालने पर सहमति जताई।

डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के कार्यवाहक प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से फोन पर बात की। ट्रूडो ने कहा कि ट्रंप के साथ बातचीत अच्छी रही और उन्होंने निर्यात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को कम से कम 30 दिनों के लिए रोकने पर सहमति जताई है।

दोनों नेताओं ने अवैध प्रवासी और फेंटेनाइल पर चिंताओं को दूर करने के लिए काम करने पर सहमति व्यक्त की है। कनाडा ने भी अमेरिकी आयात पर जवाबी 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की थी, जिसे मंगलवार को लगाया जाना था। ओटावा के टैरिफ बीयर, वाइन, घरेलू उपकरणों और खेल के सामान जैसी वस्तुओं पर लगाए जाने थे।



## जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड खतरे में, नाथन लियोन दूसरे श्रीलंका टेस्ट में 4 विकेट लेते ही रच देंगे इतिहास

नईदिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन के पास गुरुवार (6 फरवरी) से श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट मैच में खास रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। भारतीय समय के अनुसार यह मुकाबला सुबह 10 बजे से शुरू होगा।इस मैदान पर ही खेले गए पहले टेस्ट में लियोन का प्रदर्शन अच्छा रहा था और उन्होंने दोनों पारियों को मिलाकर 7 विकेट चटकाए थे। लियोन अगर इस मैच में 4 विकेट हासिल कर लेते हैं तो टेस्ट क्रिकेट में 550 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीसरे और दुनिया के सातवें खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न, जेम्स एंडरसन, अनिल कुंबले, स्टुअर्ट ब्रॉड और ग्लेन मैक्ग्राथ ही ऐसा कर पाए हैं।लियोन ने अभी तक खेले एघ 135 टेस्ट मैच की 251 पारियों में 546 विकेट लिए हैं। लियोन अगर इस मैच में ही यह मुकाम हासिल कर लेते हैं तो टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 550 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को पछाड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच जाएंगे। एंडरसन ने इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 140 टेस्ट और ब्रॉड ने 156 टेस्ट मैच खेले थे।



टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 550 विकेट

मुथैयी मुरलीधरन- 94 मैच

अनिल कुंबले- 115 मैच

शेन वॉर्न- 117 मैच

ग्लेन मैक्ग्रार्थ- 121 मैच

जेम्स एंडरसन- 140 मैच

स्टुअर्ट ब्रॉड- 156 मैच

गौरतलब है कि दो मैचों की सीरीज में फिलहाल ऑस्ट्रेलिया की टीम 1-0 से आगे हैं। गाले में ही खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने एक पारी और 242 रनों के विशाल अंतर से जीत हासिल की थी।

## पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

नईदिल्ली, (आरएनएस)। श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फ़ैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आखिरी टेस्ट होगा।

इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ़ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ़ टेस्ट फ़ॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ ख़ास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ़ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आखिरी टेस्ट भी है।

करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों और 39 अर्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं, जो कि कुमार संगकारा, माहेला जयवर्धने और एंजेलो मैथ्यूज़ के बाद श्रीलंका की तरफ़ से चौथा सर्वाधिक है।

# भारतीय क्रिकेट का यही सार है, टीम में चल रही फूट की खबरों पर गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी




नईदिल्ली, (आरएनएस)। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने आखिरकार चुप्पी तोड़ते हुए भारत के ड्रेसिंग रूम में फूट की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने बताया कि इन खबरों के पीछे क्या सच्चाई है. असल में, पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही हैं कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में अलग-अलग ग्रुप बन गए हैं. साथ ही रिपोर्ट्स के हवाले से दावा किया जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा की कोच और चीफ सिलेक्टर से नहीं बन रही है. टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर अपने बेबाक अंदाज के लिए पहचाने जाते हैं. वह अपनी बातों को रखने से नहीं घबराते और हर बात को साफ-साफ कहने में यकीन रखते हैं. अब जबकि भारतीय ड्रेसिंग रूम में फूट को लेकर खबरें आ रही हैं, तो उन्होंने इसपर भी प्रतिक्रिया दी।

गौतम गंभीर ने ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर कहा, सबसे अहम बात यह है कि एक महीने पहले, कुछ अफवाहें उड़ रही थीं (हंसते हुए).. भारतीय क्रिकेट का यही सार है. जब चीजें ठीक नहीं चल रही होती हैं तो ड्रेसिंग रूम के बारे में बहुत सी बातें कही जाती हैं. लेकिन एक बार जब नतीजे आपके पक्ष में आने लगते हैं, तो चीजें सही होने लगती हैं.

टीम इंडिया और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली गई, जिसे मेजबान भारतीय टीम ने 4-1 से जीतकर अपने नाम कर लिया. आपको बता दें, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया को 3-1 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था और 10 साल बाद बीजीटी ट्रॉफी गंवानी पड़ी थी,19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत होने वाली है, जिसमें भारतीय टीम खिताबी जीत की प्रबल दावेदार की तरह एंट्री करेगी. 20 फरवरी को भारत अपना पहला मैच बांग्लादेश के साथ खेलेगा. आपको बता दें, इससे पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के साथ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी, जो आईसीसी इवेंट की तैयारियों के लिहाज से काफी अहम रहने वाली है.

# अटारी सीमा पर पानी की बोतलें बेचने से लेकर एचआईएल के शीर्ष स्कोरर बनने तक जुगराज सिंह की प्रेरणादायक यात्रा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। हॉकी के खेल ने कई लोगों की जिंदगी बदल दी है, जिससे कई लोग गरीबी से बाहर निकलकर अमीर बन गए हैं। पंजाब और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों से लेकर झारखंड और ओडिशा के आदिवासी इलाकों तक, कई युवाओं ने हॉकी का इस्तेमाल करके अपनी और अपने परिवार की जिंदगी बदली है।

जुगराज सिंह एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी है, जिसमें बताया गया है कि कैसे एक किशोर, जो कभी अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए अमृतसर के पास अटारी-वाघा सीमा पर पर्यटकों को भारतीय झंडे और पानी की बोतलें बेचा करता था, हाल ही में संपन्न पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का शीर्ष स्कोरर बन गया।

युवा ड्रैग-फ्लिकर जुगराज ने एचआईएल में अंतिम चैंपियन श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का प्रतिनिधित्व किया और हैदराबाद तूफान के खिलाफ फाइनल में हैट्रिक बनाई।

पंजाब के अटारी में जन्मे जुगराज की यात्रा दृढ़ता और धैर्य की रही है। जब उनके पिता, जो भारतीय सेना में कुली के रूप में काम करते थे, बीमार पड़ गए, तो जुगराज ने छोटी उम्र में अपने परिवार के लिए कमाने की जिम्मेदारी संभाली।

उन चुनौतीपूर्ण दिनों को याद करते हुए जुगराज कहते हैं, मैंने कभी नहीं सोचा कि मैं यह क्यों कर रहा हूं। उस समय, मेरा परिवार मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता था, और मुझे पता था कि मेरी कड़ी मेहनत ही उनका समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है कि हमारे पास खाने के लिए भोजन हो।

हॉकी इंडिया द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा, जब हमारे पास कोई अन्य आय नहीं थी, तो पानी की बोतलें और झंडे बेचना मेरे परिवार का समर्थन करने का मेरा तरीका था। मुझे विश्वास था कि कड़ी मेहनत, चाहे किसी भी रूप में हो, मेरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी, और ऐसा हुआ भी।

इन शुरुआती चुनौतियों के बावजूद, अपने बड़े भाई से प्रेरित होकर हॉकी के प्रति जुगराज का जुनून कभी कम नहीं हुआ और उन्होंने सात साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू कर दिया। मेरे भाई हमारे गांव में हॉकी खेलते थे, लेकिन जब हमारे पिता की तबीयत खराब हुई, तो उन्होंने हमारे पिता की नौकरी संभालने के लिए खेल छोड़ दिया। हालांकि, उन्होंने मुझे कभी भी खेलना बंद न करने के लिए प्रोत्साहित किया और खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है।

जुगराज की दृढ़ता का नतीजा उनके पहले एचआईएल सीजन में शानदार प्रदर्शन के रूप में सामने आया, जहां उन्होंने 12 गोल किए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हैदराबाद तूफान के खिलाफ फाइनल में उनकी यादगार हैट्रिक ने इस जीत में चार चांद लगा दिए।

## हेड ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोंस्टास को सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस बुलाने और खुद के मध्य-क्रम में उतरने की भविष्यवाणी की

नई दिल्ली, (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए मध्य-क्रम में वापसी का संकेत दिया है, इस उम्मीद के साथ कि युवा सैम कोंस्टास दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए अनुभवी उस्मान ख्वाजा के साथ अपना ओपनिंग स्थान फिर से हासिल करेंगे।

हेड ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए सैम कोंस्टास को बाहर करने के ऑस्ट्रेलिया के साहसिक फैसले को सही ठहराया, क्योंकि उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में सिर्फ 35 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा, जिससे ऑस्ट्रेलिया को मेजबानों पर शानदार जीत हासिल करने में मदद मिली।हेड को सलामी बल्लेबाज के रूप में बढ़ावा देने के साथ-साथ सैम कोंस्टास को बाहर करने और डेब्यू करने वाले जोश इंगलिस को शामिल करने से ऑस्ट्रेलिया में काफी बहस छिड़ गई है। तमाम चर्चाओं के बावजूद उप-कप्तान हेड ने भरोसा जताया कि 19 वर्षीय कोंस्टास जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेल सकते हैं। हेड ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट से पहले सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड को बताया, सबसे अधिक संभावना है कि मैं मध्य-क्रम में वापस आऊंगा और सैम ओपनिंग करेगा, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं चयनकर्ता नहीं हूं। जोश ने शानदार शुरुआत की है, खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं, ग्रीनी (कैमरन ग्रीन) फिट होने जा रहे हैं।

## एटीपी टूर: मेदवेदेव ने कड़े मुकाबले में वावरिंका को हराया

रोटर्डम, (आरएनएस)। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने कड़ी चुनौती पेश की और दो पूर्व विजेताओं के बीच मुकाबले में स्विस स्टार स्टेन वावरिंका को हराकर एटीपी रोटर्डम ओपन में वापसी की।

दूसरे वरीय खिलाड़ी ने पहले सेट में दो सेट प्वाइंट गंवाने के बावजूद साथी पूर्व चैंपियन वावरिंका पर 6-7(8), 6-4, 6-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। हालांकि, उन्होंने 2023 में खिताब जीतने के बाद पहली बार इंडोर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 इवेंट में दूसरे दौर में प्रवेश करने के लिए अच्छी वापसी की।

इवेंट के राउंड ऑफ 32 के अन्य मैचों में, वाइल्डकार्ड पर खेल रहे छठे वरीय यूनानी खिलाडी स्टेफानोस सितसिपास ने फ्रांस के क्वालीफायर हेरोल्ड मेयोट को सीधे सेटों में 6-1,7-5 से हराया, जबकि पोलैंड के आठवें वरीय ह्यूबर्ट हर्काज़ ने सेंटर कोर्ट पर 77 मिनट तक चले मुकाबले में इटली के फ्लेवियो कैबोली को 6-3,6-2 से हराया। इटली के क्वालीफायर मटिया बेलुची ने सोमवार रात को नीदरलैंड के मीस रोटगेरिंग को राउंड ऑफ 32 के एक अन्य मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत की अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया

नईदिल्ली, (आरएनएस)। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष जगन मोहन राव अरिष्णपल्ली ने मंगलवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और मलेशिया में टूर्नामेंट में उनकी प्रभावशाली जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय सितारों को सम्मानित भी किया।

भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अपने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गई।

हाल ही में कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गईं गोंगडी त्रिशा और उनकी साथी द्रिथी केसरी का मंगलवार सुबह हैदराबाद पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ हेड कोच नूशिन अल खादीर और ट्रेनर शालिनी भी थीं। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उनके आगमन पर शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।अरिष्णपल्ली ने सोशल मीडिया पर अभिनंदन की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, हमारे तेलंगाना क्रिकेट सितारे जी. त्रिशा, द्रिथी, हेड कोच नूशिन और ट्रेनर शालिनी का हैदराबाद एयरपोर्ट पर हार्दिक स्वागत! अंडर-19 विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन और जीत ने हम सभी को गौरवान्वित किया है!उन्होंने खिलाड़ियों के आगमन का एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें लिखा था, अंडर-19 विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हैदराबाद एयरपोर्ट पर हमारे तेलंगाना क्रिकेट सितारे जी. त्रिशा, द्रिथी, हेड कोच नूशिन और ट्रेनर शालिनी का स्वागत और अभिनंदन!

# अद्‌भुत अनोखा अलौकिक बना नजारा, जगमग हुए घाट और दीपकों से शोभायमान हुई मां नर्मदा की जलधारा

## मां नर्मदा के जन्मोत्सव पर नर्मदा नगरी के तमाम घाटों पर उमड़ा जनसमुदाय

नर्मदापुरम (निप्र)। हर वर्ष की तरह ही मां नर्मदा का प्रकटोत्सव व नर्मदापुरम के गौरव दिवस के अवसर पर नर्मदा नगरी के हर घर में उत्सवी माहौल रहा। उमंग उल्लास और उत्साह के साथ राजराजेश्वरी मां नर्मदा का जन्मोत्सव मनाया गया। मां नर्मदा के तट के सभी प्रमुख घाट, चौराहे सतरस्ता, रंग बिरंगी रोशनी से नहाये हुए से लग रहे थे। वहीं अखंख्य दीपों की मणिमाला से जल धारा जगमग-जगम हो रही थी। दूर-दूर तक टिमटिमाते हुए मां की गोद में इठलाते हुए दीपक ऐसे लग रहे थे कि आसमान से तारे जमीं पर उतर आए हों। ऐसा अलौकिक दृश्य सबको आकर्षित करने के साथ ही मनभावन लग रहा था।

### -दीपावली सा वातावरण-

मां नर्मदा का जन्मोत्सव पर दीपावली जैसा महोत्सव हो गया। शहरवासियों ने घरों में साफ-सफाई लिपाई पुताई कर तोरणद्वार साजाए। घर में हलुवा पूड़ी बनाकर परिवार के साथ निकल पड़े और पहुंच गए नर्मदा के घाट जहां पर श्रद्धाभक्ति के साथ प्रदेश की जीवनदायनी मां रेवा की पूजन में मगन हो गए। शहर के सभी प्रमुख 12 घाटों पर दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मां नर्मदा की पूजन कर लहंगा चुनरी चढ़ाई। कई नन्हें मुन्हें बच्चों के मुंडन संस्कार किए गए। इसके अलावा जगह-जगह भंडारे के आयोजन होते रहे।

### दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे नर्मदा तट के घाटों पर

नर्मदापुरम का सबसे खास पर्व नर्मदा प्रक्टोत्सव बन चुका है। बीते एक सप्ताह से नर्मदा जन्मोत्सव की तैयारी हर घर में हो रही थी। मां के जन्म दिन पर कई श्रद्धालुओं ने सुबह डुबकी लगाई पूजन की। इसी के साथ शहर के तमाम क्षेत्रों में सामूहिक रूप से हलुवा बनाने का कार्यक्रम होता रहा है। घाटों पर सुबह से लेकर देर रात तक दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### -जगह-जगह हुए भंडारे के आयोजन-

शहर के वीरसावरकर घाट के पास स्वत्र प्रशांत दुबे पीपल चौक से ही भंडारे का आयोजन शुरू हो गया। उसके बाद विवेकानंद घाट,शिवाजी चौक, नेहरू पार्क के पास, सर्किट हाउस के पास,अस्तपाल के सामने, एकता चौक, मौरछली चौक, सतरस्ता, अमर चौक, जय स्तंभ, मंगलवारा



घाट आदि स्थानों पर भंडारे के आयोजन होते रहे।

### -लाखों दीपों का दीपदान-

मां नर्मदा के प्रकटोत्सव पर दीपदान करने की परंपरा के चलते हर घर से दीप लेकर श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे। हर घाटों से दीपकों का दीपदान शाम से ही शुरू हो गया था। कई श्रद्धालु नाव से तो कई श्रद्धालु किनारे से दीपक विसर्जित कर रहे थे। इस प्रकार लाखों दीपकों का दीपदान किया गया। शाम के समय नर्मदा जट पर अलौकिक नजारा दीपों से हो रहा था। नर्मदा जी की जलधारा जगमग हो गई थी।

### -लगातार लगते रहे जयकारे-

सुबह से पूजन अर्चन और आरती का क्रम शुरू हो गया था जो रात तक जारी रहा। पूजन अर्चन के साथ हर हर नर्मदे कर के जयकारे से पूरा दिन गुंजायमान होता रहा। इस मौके पर अनेक धार्मिक आयोजन होते रहे। अनेक समाजसेवी नर्मदा में प्रदूषण नहीं करने का संदेश भी देते रहे।

### -मां नर्मदा जन्म प्रकटोत्सव एक नजर में-

*- 3 लाख श्रद्धालुओं ने 12 घाटों पर की मां नर्मदा जी पूजन अर्चन*
*- 900 पुलिस, होमगार्ड,एनसीसी जवानों ने संभाली व्यवस्था की कमान*
*- 20 स्थानों पर हुआ करीब 50 क्विंटल हलुआ का वितरण और भंडारा*
*-50 पंडितों ने घाटों पर नर्मदा जी और सत्यनरायण की पूजन अर्चन कराई*
*-20 स्थानों पर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था बनाने के लिए लगाए बेरीकेटस*
*-50 हजार श्रद्धालुओं ने सेठानी घाट पर बैठकर किए पूजन अर्चन के दर्शन*
*- 100 लोगों के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जलमंच से की आराधना*
*- 5 लाख रुपये की पूजन सामग्री, नालियल,चिरोंजी,और लंहगा चुनरी की बिक्री हुई*
*-1000 हजार से अधिक रंगबिरंगे ध्वजों से मां नर्मदा तट के घाट सजाए गए*

### -मां नर्मदा के जन्मोत्सव की प्रमुख छलकियां-

हर तरह नर्मदे हर के जयघोष हो रहे थे।
शहर के सभी प्रमुख घाटों पर दिन भर लाखों श्रद्धालु उमड़ते रहे।
कई लोगों ने मां नर्मदा की पूजन कर लहंगा चुनरी चढ़ाई।
श्रद्धालुओं ने परिवार सहित हलुआ पूरी का भोग लगाया।
कई लोग सपरिवार घाटों पर पहुंच कर मां नर्मदा की पूजन में लगे रहे।
यह क्रम शाम तक जारी रहा।
नर्मदांचल के सबसे प्रमुख नर्मदा जन्म महोत्सव का भव्य आयोजन पूरे दिन जारी रहा।
दो दिनों से घाटों पर बीते दो दिन से भव्य मेला जैसा लगा हुआ है।
सुबह से शाम तक जन्मोत्सव के अवसर पर ही करीब एक लाख श्रद्धालु घाट पर पूजन अर्चन के लिए आए।

## डोंगरवाड़ा में उत्साह में मनाया मां नर्मदा प्राकट्योत्सव

नर्मदापुरम (निप्र)। अखंड मंडलेश्वर धाम जगन्नाथ मंदिर डोंगरवाड़ा में मां नर्मदा प्राकट्योत्सव उत्साह और परम्परागत रूप से मनाया गया। मंदिर के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि प्रातः 10 बजे विद्वान विप्र मानस दुबे के आचार्यत्व में मंदिर के ठाकुर राजा आशुतोष शर्मा, सरपंच माखन कीर और अन्य भक्तों ने मां नर्मदा का अभिषेक किया। उसके बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को नर्मदा तट पर मां की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओर ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान शानदार आतिशबाजी भी की गई। नर्मदा जी का श्रृंगार सैकड़ों दीपों से क्या गया। रात में मंदिर में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## श्रीमद् भागवत अष्टोत्तर मूल पाठ और भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

### विवेकानंद घाट से निकली भव्य कलश यात्रा, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु

नर्मदापुरम (निप्र)। मां ललिता आश्रम भागवत आयोजन सेवा समिति द्वारा हाउसिंग बोर्ड पंचवटी परिसर के पास मां ललिता आश्रम में मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन अवसर से 10 फरवरी तक श्रीमद भागवत अष्टोत्तर 108 श्रीमद् भागवत के मूल पाठ तथा श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। भागवत चरणानुरागी आचार्य पंडित अजय दुबे ने बताया कि पितृ कल्याण, भागवत भक्ति भगवत कृपा, सुख शांति वैभव एश्वर्य समस्त कामना पूर्ति हेतु यह धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है।पं दुबे ने बताया कि इस अनुष्ठान में ब्रम्हवेदामृत पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज रोहतक की मंगलमय वाणी से भागवत की कथा का आयोजन किया जा रहा है। मां नर्मदाजी की पूजन के बाद कलश शोभायात्रा विवेकानंद घाट से निकली गई। एक बड़े कलश में सात नदियों का जल रखा गया था। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और कन्याएं शामिल हुई। गाजे बाजे और नृत्य के साथ शोभायात्रा जिस मार्ग से निकल रही थी अनेक श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जो मुख्य मार्ग से होते हुए ललिता आश्रम हाउसिंग बोर्ड पहुंची। नित्य प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक मूल पाठ दोपहर 2 बजे से शाम के 5 बजे तक मूल पाठ और भागवत कथा होगी। पं दुबे ने सभी धर्मावलंबियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आव्हान किया है।

## क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

### --जाहिर सूचना-

सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजु पति स्व. नीलेश मीना, निवासी वार्ड नं 82 ग्राम गोंदलवाडा, तहसील बाबई जिला नर्मदापुरम ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में आवेदन करते लेख किया है कि उनके पति स्व. नीलेश मीना आत्मज श्री सुखराम मीना का निधन 24-08-2024 को हो गया है। उनके पति स्व. नीलेश मीना के नाम पर वाहन क्रमांक एम पी जी 8169 आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज है।

उक्त वाहन को श्रीमती अंजु मीना अपने नाम पर आरटीओ कार्यालय नर्मदापुरम में दर्ज कराना चाहती हैं। उन्होंने शपथ पत्र में लेख किया है कि उनके पति के अतिरिक्त उक्त वाहन का लीगल उत्तराधिकारी कोई उनकी कोई संतान भी नहीं है। अतः उक्त वाहन श्रीमती अंजु मीना अपने नाम दर्ज कराना चाहती हैं। भविष्य में कोई भी आपत्ति या दावा आता है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी व जिम्मेदारी श्रीमती अंजु मीना की होगी।

**क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम**




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com